देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार,18 अक्टूबर, 2024



# केदारनाथ धाम में मंदाकिनी नदी में सीवर बहाव पर एनजीटी सख्त, उत्तराखंड सरकार को दिए निर्देश

**रूद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ में मंदाकिनी नदी में सीवर बहाए जाने की शिकायत से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने राज्य सरकार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। एनजीटी ने कहा कि केदारनाथ क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट और सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की स्थिति के आकलन के लिए गठित समिति की संस्तुतियों पर गंभीरता से कदम उठाए जाएं।

अभीष्ट कुसुम गुप्ता ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के समक्ष शिकायत दायर कर केदारनाथ क्षेत्र में मंदाकिनी नदी में सीवर बहाए जाने का आरोप लगाया था। इस प्रकरण पर न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव (अध्यक्ष), जस्टिस अरुण कुमार त्यागी (न्यायिक सदस्य) और डा ए सेंथिल वेल (विशेषज्ञ सदस्य) की पीठ ने सुनवाई की।

एनजीटी की न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने केदारनाथ में उचित सीवेज ट्रीटमेंट और सालिड वेस्ट मैनेजमेंट का इंतजाम करने के लिए समय



सीमा बताने का निर्देश दिया।

पूर्व में एनजीटी ने जमीनी हकीकत जानने के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव, रुद्रप्रयाग के जिला मजिस्ट्रेट और देहरादून में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त समिति बनाई थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने इस समिति की रिपोर्ट पर भी गौर किया।

समिति की रिपोर्ट के क्रम में एनजीटी ने कहा कि केदारनाथ में ठोस और प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए कोई प्लांट नहीं लगाया गया है। जबकि अनुमान के मुताबिक केदारनाथ में सीजन के दौरान प्रतिदिन 1.667 टन प्लास्टिक कचरा निकलता है। साथ ही सीवर के उचित निस्तारण के लिए 600 किलो लीटर प्रति दिन (केएलडी) क्षमता वाला एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाया जा रहा है। राज्य सरकार ने दिसंबर तक एसटीपी का निर्माण पूरा करने का भरोसा दिलाया है। हालांकि, एनजीटी ने कहा कि इस एसटीपी की क्षमता भी नाकाफी है। साथ ही आसपास मौजूद भवनों को सीवेज कनेक्शन प्रदान करने के लिए कोई टाइमलाइन भी नहीं बताई गई है। इसके अलावा एनजीटी ने कहा कि उत्तराखंड को केदारनाथ में पर्याप्त क्षमता के साथ उचित सीवेज ट्रीटमेंट और सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने और संयुक्त समिति के सुझावों को लागू करने के लिए हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया जाता है। इस हलफनामे में ट्रीटमेंट प्लांटों को शुरू किए जाने की डेडलाइन भी होनी चाहिए। राज्य को यह भी निर्देश दिए गए कि अगले यात्रा सीजन से पहले सीवेज सोखने वाले गड्ढों (सोक पिट) का उचित रखरखाव किया जाए। सीवेज सिस्टम की 600 केएलडी एसटीपी से 100 प्रतिशत कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## डीएम के आश्वासन पर स्थगित हुआ उकिमो का धरना

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लंबे समय से रुड़की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना दे रहे उत्तराखंड किसान मोर्चा ने मंगलवार को डीएम के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित कर दिया। मौके पर पहुंचे एडीएम ने बताया कि शासन स्तर की मांगों को लेकर एक प्रस्ताव भेजा जा रहा है। जिलास्तर की समस्याओं को जल्द निस्तारित करने की बात कही। स्मार्ट मीटर का विरोध, बढेडी राजपूतान में हाईवे पर अंडरपास, इकबालपुर चीनी मिल का बकाया भुगतान एवं गन्ने का दाम 500 रुपये प्रति क्विंटल आदि की मांग को लेकर धरना शुरू किया था। किसानों ने विधायकों के आवास से लेकर डीएम कार्यालय तक का घेराव किया था। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह के आश्वासन पर जिले के अधिकारियों की टीम ने किसानों से वार्ता की। मंगलवार को डीएम कर्मेन्द्र सिंह ने धरनास्थल पर अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा एवं सहायक गन्ना आयुक्त शैलेन्द्र सिंह ने किसानों के बीच भेजा।

## संक्षिप्त समाचार

### जांच के लिए निजी केंद्रों का चक्कर काट रहीं महिलाएं

**रूड़की, एजेंसी।** एसपीएस राजकीय चिकित्सालय में गर्भवती के लिए लेवल टू जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। लेवल टू जांच के लिए गर्भवती को निजी केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जहां उन्हें तीन से चार हजार रुपये देकर लेवल टू की जांच करानी पड़ रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार की सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भधारण से लेकर प्रसव तक गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था है। सरकारी अस्पताल में महिला विशेषज्ञ गर्भवती को लेवल टू जांच की सलाह देती हैं, लेकिन सरकारी अस्पताल के अल्ट्रासाउंड कक्ष में यह जांच उपलब्ध नहीं है। महिलाओं को निजी केंद्रों के चक्कर काटने पड़ते हैं। लेवल टू जांच चार से पांच माह के गर्भधारण के बाद महिलाओं को कराना पड़ता है। यह जांच इसलिए जरूरी होती है कि चार से पांचवें महीने में गर्भस्थ शिशु का विकास होने लगता है। इस जांच से गर्भस्थ शिशु के विकास का पता चलता है। इस जांच में गर्भ में पल रहे शिशु का विकास नहीं हो रहा है तो गर्भवती नौ महीने के गर्भधारण से बच सकती है। लेकिन सरकारी अस्पताल में इसकी कोई सुविधा नहीं है। गर्भवती महिला रेखा, आयशा, मनोरमा ने बताया कि अस्पताल में महिला चिकित्सक ने उन्हें लेवल टू जांच की सलाह दी है, लेकिन अल्ट्रासाउंड केंद्र में इसकी जांच नहीं होती है, जिसके कारण उन्होंने निजी केंद्र में ढाई से तीन हजार रुपये देकर जांच कराई है।

### सिविल अस्पताल में भिड़े मरीज और तीमारदार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सिविल अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए आए मरीजों और तीमारदारों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई जिससे हंगामा हो गया। मारपीट होती देख अन्य मरीजों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची ने पुलिस दो लोगों को हिरासत में ले लिया और फटकार लगाई। मंगलवार को सिविल अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों की भीड़ रही। इस दौरान पर्चा बनवाने के लिए चारों काउंटरों पर महिला और पुरुषों की लंबी लाइन लग गई। इस बीच कलियर निवासी एक महिला अपने पति के साथ अस्पताल आई थी। बताया जा रहा है कि महिला पर्चा काउंटर के पास बैठी थी जबकि उसका पति लाइन में लगा था। इस बीच महिला के पति की एक अन्य युवक से किसी बात को लेकर नोकझोंक हो गई। मामला इतना बढ़ा कि दोनों में मारपीट हो गई। इस बीच दोनों पक्षों की महिलाएं भी आपस में भिड़ गईं और हंगामा हो गया। अस्पताल में मौजूद महिला होमगार्डों ने मामला शांत कराने की कोशिश की लेकिन वह झगड़ा करते रहे। इस बीच सिविल अस्पताल पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया। साथ ही दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस चौकी ले आए। बाद में पुलिस ने दोनों को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

### विवाद में एक महिला समेत चार का चालान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गेस्ट हाउस में विवाद कर रहे तीन युवकों और एक महिला को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। पिरान कलियर थाना प्रभारी दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि दरगाह किलकिली साहब रोड पर मंगलवार को एक गेस्ट हाउस में कमरा लेने को लेकर गेस्ट हाउस संचालक और यात्रियों के बीच विवाद होने की सूचना मिली थी। सभी लोग आपस में झगड़ा कर हंगामा कर रहे थे।

### बाजार से घर आ रही युवती को खेत में खींचने की कोशिश

**ऋषिकेश, एजेंसी।** भाई के साथ बाजार से सामान लेकर घर जा रही एक युवती को गांव के ही दो युवकों ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि दोनों युवती को जबरन खेत में खींचकर ले जाने लगे। इस पर भाई-बहन ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर राहगीरों को आता देख युवक फरार हो गए। वहीं, पुलिस में शिकायत करने जा रहे परिवार के साथ भी युवकों ने परिवार के साथ मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस ने तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ अक्तूबर को उसकी बेटी अपने भाई के साथ कुछ सामान लेने बाजार गई थी।

## नगर निगम बढ़ा हुआ हाउस टैक्स ही वसूलेगा, आदेश जारी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नगर निगम क्षेत्र में 25 हजार लोगों से बढ़ा हुआ हाउस टैक्स ही लिया जाएगा। इस संबंध में निगम प्रशासक के अनुमोदन के बाद आदेश जारी कर दिया गया है। पुरानी दर से बिल जमा करने वाले तीन हजार भवन स्वामियों से भी बकाया वसूली होगी।

नगर निगम प्रशासन ने इस साल अप्रैल से हाउस टैक्स में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी थी। यह टैक्स चार साल बाद उत्तराखंड नगर निगम संपत्ति कर नियमावली 2016 के तहत बढ़ाया गया। निगम प्रशासन ने अप्रैल से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक करीब सात हजार भवन स्वामियों से नई दर के हिसाब से हाउस टैक्स वसूला भी। बाद में निगम प्रशासन पर नियमों की अनदेखी कर हाउस टैक्स बढ़ाने का आरोप लगा तो इस पर रोक लगा दी गई।

मामला देहरादून तक भी पहुंचा था। इसके बाद निगम प्रशासन ने पुरानी दर के हिसाब से ही करीब तीन हजार भवन स्वामियों से टैक्स वसूला। इधर अब हाउस टैक्स बढ़ोतरी संबंधी सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई दरें लागू करने का आदेश जारी हो गया है। यह आदेश डीएम व निगम प्रशासक के अनुमोदन के बाद जारी किया गया है।

नगर निगम के कर अधीक्षक महेश पाठक ने बताया कि पूर्व में बढ़ाया गया हाउस टैक्स वसूलने का आदेश जारी कर दिया गया है। यह टैक्स अप्रैल से ही लागू होगा। पूर्व में जिन भवन स्वामियों ने पुरानी दर के हिसाब से टैक्स अदा किया है, उनसे भी 15 फीसदी बढ़ा टैक्स लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में करीब 25 हजार घरेलू व व्यवसायिक भवन करदाता हैं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**बाजपुर, एजेंसी।** स्मार्ट मीटर योजना निरस्त करने, माइनिंग कंपनी हटाने सहित चार सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी की अगुवाई में कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र से निजी कंपनी माइनिंग को हटाने, स्मार्ट मीटर योजना खारिज करने, चीनी मिल को समय पर चलाने, गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।


## ढाई करोड़ की लिथोट्रिप्सी मशीन हुई बीमार

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पथरी का आसानी से ऑपरेशन कर मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए जिला अस्पताल में ढाई करोड़ की लिथोट्रिप्सी मशीन खुद बीमार हो गई है। दो महीने पहले तकनीशियन बुलाकर इसे ठीक कराने के दावे किए गए जो हवाई साबित हुए हैं। लंबा समय बीतने के बाद भी मुंबई से तकनीशियन पिथौरागढ़ नहीं पहुंच सके हैं और मरीज पथरी के ऑपरेशन के लिए हायर सेंटर की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं।

सीमांत जिले के लोगों को स्थानीय स्तर पर बगैर चीरा-टांके आधुनिक तकनीक से पथरी के ऑपरेशन की सुविधा मिल सके, इसके लिए वर्ष 2016 में ढाई करोड़ से लिथोट्रिप्सी मशीन खरीदी गई थी।

जिला अस्पताल में तीन साल तक संचालित होने के बाद मशीन में खराबी आ गई जो अब तक ठीक नहीं हो सकी है। कार्यशैली पर सवाल उठने शुरू हुए तो स्वास्थ्य विभाग ने दो महीने पूर्व मुंबई से तकनीशियन बुलाकर मशीन को जल्द ठीक करने के दावे किए।

अब तक तकनीशियन पिथौरागढ़ नहीं पहुंच सके हैं। जिला अस्पताल में हर महीने औसतन 80 से अधिक मरीज पथरी के उपचार के लिए पहुंचते हैं। लिथोट्रिप्सी मशीन का संचालन न होने से मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। ऐसे में मरीज आधुनिक तकनीक से पथरी का



ऑपरेशन कराने के लिए मैदानी क्षेत्रों की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. जेएस नबियाल का कहना है कि लिथोट्रिप्सी मशीन को ठीक करने के लिए कंपनी से संपर्क किया गया है। मुंबई से तकनीशियन आने हैं। उम्मीद है जल्द मशीन की खराबी दूर होगी। जिला अस्पताल में करोड़ों की मशीन का ठीक न होना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में मशीन के संचालन के लिए विशेषज्ञ भी हैं। मशीन ठीक होती तो स्थानीय स्तर पर पथरी का बेहतर उपचार मिलता। कहना कि मरीज निजी अस्पतालों की दौड़ लगा रहे हैं। ऐसे में विभाग की कार्यशैली पर संदेह है।

## स्थापना दिवस पर महिलाओं को मिलेगी मजबूती की सौगात, कैबिनेट में पेश होगा महिला नीति का प्रस्ताव

**नैनीताल, एजेंसी।** स्थापना दिवस पर राज्य की महिलाओं को महिला नीति 2024 की सौगात मिलेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने राज्य महिला नीति 2024 की समीक्षा की कहा कि नौ नवंबर से पहले कैबिनेट के सामने प्रस्ताव पेश हो सकता है। राज्य महिला नीति-2024 को नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर महिलाओं के लिए समर्पित की जा सकती है। महिला कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को महिला नीति के ड्राफ्ट की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को नीति में शामिल करने का



सुझाव दिया। बैठक में मंत्री ने महिला सशक्तीकरण और बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला नीति में सभी पहलुओं को शामिल करके शीघ्र प्रस्ताव तैयार किया। ये प्रस्ताव नौ नवंबर से पहले कैबिनेट के सामने पेश करने की कोशिश है, ताकि कैबिनेट की मुहर लगने के बाद राज्य स्थापना दिवस पर महिलाओं को समर्पित किया जा सके।

## छह करोड़ का श्मशान और स्नान घाट बदहाल

**रूड़की, एजेंसी।** लक्ष्मणझूला डीएम कैंप कार्यालय से मात्र 10 किमी दूर हेवल और गंगा नदी के संगम स्थल फूलचट्टी में बना श्मशान और स्नान घाट बदहाल बना हुआ है। यमकेश्वर ब्लॉक के करीब 200 गांवों के ग्रामीण दाह संस्कार के लिए फूलचट्टी संगम में आते हैं। पर्यटक यहां मौजमस्ती के साथ स्नान करते हैं।करीब पांच वर्ष बीत गए हैं लेकिन अभी तक जीर्णशीर्ण घाट दुरुस्त नहीं हुआ है।

ग्रामीणों और सैलानियों की सुविधा के लिए वर्ष 2018 में नमामि गंगे योजना के तहत फूलचट्टी संगम स्थल पर करीब छह करोड़ रुपये की लागत से एक श्मशान घाट और एक स्नान घाट का निर्माण हुआ था। घाट की रखरखाव की जिम्मेदारी जिला पंचायत पौड़ी को सौंपी गई थी।

वर्ष 2019 में गंगा का जलस्तर बढ़ने से स्नान और श्मशान घाट क्षतिग्रस्त हो गए थे। करीब पांच वर्ष का समय बीत गया है। जिला पंचायत पौड़ी ने अभी तक बदहाल घाटों की सुध नहीं ली। सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल सिंह राणा, कलम सिंह राणा, बलदेव सिहं राणा, शक्ति सिंह राणा ने बताया कि गंगा किनारे बने स्नानघाट और श्मशान घाट बदहाल हैं। शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं।

## ई-विधानसभा के लिए विधायकों और अधिकारियों की होगी ट्रेनिंग, विस में प्रशिक्षण सभागार तैयार

**देहरादून, एजेंसी।** अवस्थापना व अन्य तकनीकी कार्य तकरीबन पूरे हो चुके हैं। अब ई-विधानसभा के लिए सभी 70 विधानसभा सदस्यों और अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कहा, प्रशिक्षण के लिए विधानसभा में सभागार तैयार कर दिया गया है।

अगले विधानसभा सत्र से पहले देहरादून और ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा का पूरी तरह से डिजिटलीकरण हो जाएगा। आगामी सत्र की कार्यवाही का संचालन भी राष्ट्रीय ई-विधान (नेवा) के माध्यम से होगा।



विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विधानसभा के डिजिटलीकरण की दिशा में अब तक की प्रगति को साझा किया। कहा, अवस्थापना व अन्य तकनीकी कार्य तकरीबन पूरे हो चुके हैं। अब ई-विधानसभा के लिए सभी 70 विधानसभा सदस्यों और अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कहा, प्रशिक्षण के लिए विधानसभा में सभागार तैयार कर दिया गया है। जल्द प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार हो जाएगा और सदस्यों को सिलसिलेवार विधानसभा की डिजिटल कार्यवाही के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मीडियाकर्मियों को भी इसकी जानकारी और आवश्यकता होने पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कहा, इससे सदन की कार्यवाही को कागज रहित तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी। स्पीकर के मुताबिक, विधानसभा का आगामी सत्र नेवा के माध्यम से कराने का प्रयास किया जा रहा है। विधानसभा में अब ई-ऑफिस पर काम होगा। स्पीकर के मुताबिक, ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए कार्य शुरू हो गया है।

## शिक्षक हैं नहीं, ऐसे में सरकारी स्कूलों में कैसे बढ़े छात्र संख्या

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पहाड़ से पलायन की एक मुख्य वजह बदहाल शिक्षा व्यवस्था भी है। स्कूल तो हैं लेकिन यहां पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं हैं। नतीजतन विद्यार्थियों को इन स्कूलों से निजी स्कूलों का रुख करना पड़ रहा है या फिर उनके अभिभावक उन्हें पढ़ाने के लिए दूसरे शहरों में ले जा रहे हैं। पिथौरागढ़ जिले के राजकीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लंबे समय से 977 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। जिले में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 1004 है। इन विद्यालयों में 14,918 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के 890 पद लंबे समय से रिक्त हैं। जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में



शिक्षकों के स्वीकृत 2002 पद के सापेक्ष 1112 शिक्षक ही कार्यरत हैं। जिले में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की संख्या 208 है। इन विद्यालयों में 3,262 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के 87 पद लंबे समय से रिक्त हैं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के स्वीकृत 637 पदों के सापेक्ष 550 पद पर शिक्षक कार्यरत है। लंबे समय से विद्यार्थी और अभिभावक सरकार से शिक्षकों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। प्रारंभिक तरुण कुमार पंत का कहना है कि जिले के राजकीय और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों पर नये शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

# पहली पदयात्रा में बोले केजरीवाल, दिल्ली की चाबी जनता के हाथ

## भाजपा आ गई तो दिल्ली में फ्री बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं की बस यात्रा और बुजुर्गों की तीर्थयात्रा बंद कर देगी- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया के साथ खिचड़ीपुर में पहली पदयात्रा की। इस दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और उनका व मनीष सिसोदिया का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। वहीं, मनीष सिसोदिया ने जनता के साथ ह्यभ्रष्टाचार का एक ही काल, केजरीवाल और झाड़ू निशानह्व के जमकर नारे लगाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की चाभी जनता के हाथ में है। मेरी अपील है कि आप दिल्ली में मिल रही बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं की बस यात्रा और बुजुर्गों की तीर्थयात्रा समेत सारी सुविधाएं जारी रखने के लिए आम आदमी पार्टी को जीताएं। अगर गलती से भी भाजपा आ गई तो ये लोग सारी सुविधाएं बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि अब इनसे 22 राज्यों की जनता भी पूछ रही कि तुम क्यों नहीं मुफ्त सुविधाएं देते हो। देश के लोग सवाल न पूछ सकें, इसलिए दिल्ली में हमने जो 10 साल में काम किया, उसे ये बर्बाद कर रहे हैं।

खिचड़ीपुर में आयोजित की पदयात्रा के दौरान ह्यआपह्व के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में इन लोगों ने हमें और दिल्लीवालों को बहुत तंग किया है। महीने-दो महीने पहले ही मैं और मनीष सिसोदिया, दोनों जेल से छूटकर बाहर आए हैं। हमारा कसूर क्या है? दस साल से दिल्ली में हमारी सरकार है, तब से इन लोगों ने दिल्ली के काम रोकने के लिए अपनी एड़ी-चोटी का पूरा जोर लगा लिया। जो काम मैंने दिल्ली में किए हैं, वो काम भारत में पिछले 75 साल में कभी नहीं हुए। मैंने दिल्ली में लोगों की बिजली फ्री और 24 घंटे कर दी है। बच्चों के स्कूल अच्छे हो गए। मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहा है। महिलाओं को बस का मुफ्त सफर मिल रहा है। बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा मिलती है। आज तक कभी ऐसे काम नहीं हुए। आज गुजरात, हरियाणा समेत जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं वहां के लोग उनसे कह रहे हैं कि केजरीवाल ने दिल्ली में बिजली फ्री कर दी तो तुम भी करो। इस पर इन लोगों के पास कोई जवाब नहीं था। इसलिए इन्होंने यह प्लानिंग की कि दिल्ली के सारे काम रोक दिए जाएं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहले इन्होंने एलजी के जरिए काम रुकवाने की कोशिश की, लेकिन मैंने आपका एक भी काम नहीं रुकने दिया और दिल्ली के सारे काम चलते रहे। फिर इन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया। मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। मैं पांच महीने जेल में था। अभी छूट कर आया, तो पता चला कि पीछे से इन लोगों ने आपको बहुत तंग किया है। कभी कहीं सीवर की दिक्कत आ रही है, कहीं पीने के पानी की समस्या आ रही है, तो कहीं कूड़े की दिक्कत आ रही है। मैं सारी चीजें ठीक करा दूंगा। अब आपका केजरीवाल आ गया है। दिल्ली में कई जगह सड़कें टूटी हुई थीं। लेकिन आज पूरी दिल्ली में सड़कों की मरम्मत चालू हो गई है। बाकी चीजों पर भी काम कर रहा हूं। मैं आपके सारे काम करा दूंगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब इनकी कोई भी साजिश नहीं चली तो अब इन्होंने प्लानिंग की है कि कुछ भी करके दिल्ली जीतो। अगर आपने इन्हें वोट दे दिया, तो सबसे पहले ये आपकी फ्री बिजली बंद करेंगे। सब जानते हैं कि हमारी सरकार के आने से पहले दिल्ली में आठ-आठ घंटे के पावर कट लगते थे। लेकिन अब नहीं जाती है। दिल्ली में सभी को 24 घंटे और मुफ्त बिजली मिलती है। उत्तर प्रदेश में बहुत बिजली जाती है। ये अपने राज्यों की तरह दिल्ली का भी वही बुरा हाल कर देंगे।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि चाबी दिल्ली की जनता के हाथ में है। झाड़ू पर वोट देना है। अगर किसी भी तरह भाजपा आ गई तो ये आपके सारे काम बंद कर देगी। ये दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक, फ्री दवाइयां, फ्री इलाज और महिलाओं की फ्री बस यात्रा सब बंद कर देंगे। इन 10 सालों में बड़ी मुश्किल से हम सबने मिलकर यह सारे काम किए हैं। अब इन कामों और दिल्ली को बचाने की जिम्मेदारी दिल्ली के लोगों की है।

इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम लोग तो पदयात्रा करने निकले थे लेकिन (लोगों की संख्या को देखते हुए) अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये तो पूरी जनसभा हो गई है। यहां मौजूद बहनें कह रही हैं कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल के लिए बहुत दुआएं मांगी इसलिए वो जेल से बाहर आ गए हैं। जनता ने बहुत दुआएं मांगी हैं और बहुत लड़ाई की है।

केजरीवाल के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब बुधवार को मनीष सिसोदिया के साथ खिचड़ीपुर में पद यात्रा करने के लिए पहुंचे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के स्वागत में लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने फूल माला और सांस्कृतिक टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। केजरीवाल से मिलने के लिए सड़कों और दुकानों पर भारी भीड़ जमा थी, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और स्थानीय विधायक समेत अन्य नेताओं के साथ सड़क पर पैदल चलते हुए आगे बढ़कर सबसे मिल रहे थे। उन्होंने दुकानदारों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से मुलाकात की। कई लोग अपने घरों की छत और बाल्कनी पर खड़ें होकर स्वागत कर रहे थे, केजरीवाल ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया।

दिल्लीवालों ने अपने बेटे केजरीवाल पर खूब लुटाया प्यार काफी समय बाद अरविंद केजरीवाल को अपने बीच पाकर लोगों ने अपने-अपने तरीके से उन पर अपना प्यार जताया। इस दौरान कुछ लोगों ने केजरीवाल को भगवान बुद्ध की तस्वीर भेंट की। कई युवाओं और बच्चो ने सेल्फी ली। कई लोग उनके गले मिले।

# डीपीसीसी ने दिल्ली में निर्माण परियोजनाओं के लिए अनिवार्य धूल नियंत्रण से संबंधित पोर्टल शुरू किया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने डस्ट पॉल्यूशन कंट्रोल सेल्फ-असेसमेंट पोर्टल शुरू किया है जिस पर राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण एवं तोड़फाड़ संबंधी सभी परियोजनाओं को अपना पंजीकरण कराना और नियमित रूप से धूल नियंत्रण ऑडिट को अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण ने एक नोटिस में कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा 20 दिसंबर, 2021 को जारी निर्देशों के अनुरूप डीपीसीसी ने अब यह अनिवार्य कर दिया है कि 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भूखंड के क्षेत्र पर कार्यरत सभी निर्माण और तोड़फोड़ (सी एंड डी) परियोजनाओं को एक नव-विकसित वेब पोर्टल पर दर्ज करना होगा। पोर्टल को ऑनलाइन स्व-मूल्यांकन और दूरस्थ निगरानी की सुविधा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण उपायों का उचित ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। नोटिस में कहा गया है कि इसमें परियोजना प्रस्तावकों से धूल नियंत्रण तरीकों का नियमित स्व-लेखा परीक्षण करने और 15 दिन पर स्व-घोषणा प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। नोटिस के अनुसार, इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के नगर निगम क्षेत्रों के अंदर 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भूखंड पर कार्यरत परियोजनाओं को अब निश्चित रूप से वीडियो फेंसिंग को शामिल करना होगा और वास्तविक समय की वायु-गुणवत्ता निगरानी के लिए कम लागत वाले पीएम 2.5 और पीएम 10 सेंसर स्थापित करना होगा। नोटिस में कहा गया है कि निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों में शामिल बिल्डर, ठेकेदारों और अन्य हितधारकों से आग्रह किया जाता है कि वे अद्यतन दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए अपनी परियोजनाओं को पोर्टल पर तुरंत पंजीकृत कराएं।

# दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए एक्शन में आप सरकार, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को बुलाई आपात बैठक

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए आप सरकार एक्शन मोड में हैं दिल्ली के सभी 13 हॉटस्पॉट में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में संबंधित विभाग के अधिकारियों की इमरजेंसी बैठक बुलाई है। आनंद विहार में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण मंत्री सभी 13 प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। गोपाल राय ने बताया कि हॉटस्पॉट आनंद विहार में प्रदूषण स्तर बढ़ने को लेकर अधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दिल्ली के सभी 13 हॉटस्पॉट पर विशेष अभियान चलाने के लिए अधिकारियों की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है। जिसमें एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, ट्रांसपोर्ट विभाग, ट्रैफिक पुलिस समेत अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सर्दियों में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितंबर को 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। विंटर एक्शन प्लान के तहत विभागों ने अपना काम शुरू कर दिया है। प्रदूषण की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दिल्ली में वार रूम ने काम करना शुरू कर दिया है। पराली को गलाने के लिए बायो-डिकम्पोजर का छिड़काव भी शुरू हो गया है। साथ ही दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइटों पर धूल को नियंत्रित करने के लिए एंटी डस्ट कैंपेन शुरू किया गया है।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कड़े कदमों की वजह से दिल्ली में वायु प्रदूषण में लगातार सुधार हो रहा है। इसके चलते पिछले 9 सालों में दिल्ली के वायु प्रदूषण में 34.6 फीसद की कमी देखी गई है। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत हमारी सरकार ने 7 अक्टूबर से अगले एक महीने के लिए दिल्ली में एंटी डस्ट कैंपेन शुरू किया है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सभी कंस्ट्रक्शन साइटों पर निर्माण संबंधी 14 नियमों का पालन करना जरूरी है। नियमों का उल्लंघन करने पर टीमें सख्त कार्रवाई करेंगी। इसके लिए विभागों को निर्माण साइट्स की लगातार निगरानी करने के निर्देश जारी किए गए हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए 523 टीमें तैनात की गई हैं। साथ ही डस्ट प्रदूषण को रोकने के लिए 500 वॉटर स्प्रिंकलर, 85 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों को पूरी दिल्ली में तैनात किया गया है।

गोपाल राय ने बताया कि सभी 13 हॉटस्पॉट पर ग्रीन वॉर रूम से विशेष ध्यान रखा जा रहा है। संबंधित विभाग को वहां से भी निर्देश दिया जा रहा है। डीपीसीसी की टीम हॉटस्पॉट का लगातार दौरा कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए कई एजेंसियां काम कर रही हैं। उनके समन्वय के लिए ग्रीन वार रूम स्थापित किया गया है। इस वार रूम के सदस्य ग्रीन दिल्ली ऐप पर आने वाली प्रदूषण से संबंधित शिकायतों को संबंधित 33 विभागों तक पहुंचाने तथा उसे मॉनिटर करने का काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### झपटमारी करने वाले दो दोस्त गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ की टीम ने झपटमारी करने वाले दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों बिट्टू और हिमांशु सौरभ के पास से चोरी की स्कूटी और एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तीसरे साथी की तलाश कर रही है। दो अक्तूबर को बाइक सवार बदमाशों ने हरि नगर और डाबड़ी इलाके में झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद इन दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

### पिता-पुत्र को पुलिस ने दबोचा

नई दिल्ली। सीआर पार्क थाना पुलिस ने 16 अक्तूबर को पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों दिलीप कुमार गुप्ता और शिवम गुप्ता पर जैतपुर थाने में केस दर्ज है। इसमें इन्हें कोर्ट ने पीओ घोषित कर दिया था। हेडकांस्टेबल मंजीत और कांस्टेबल कृष्ण वर्मा को इनके रूप नगर कॉलोनी में होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दोनों को ट्रेप लगाकर दबोच लिया।

### बहन का पारिवारिक विवाद सुलझाने के दौरान चलाई गोली

नई दिल्ली। सीलमपुर इलाके में बुधवार की रात बहन के पारिवारिक विवाद को सुलझाने पहुंचे भाइयों ने बात बढ़ने पर गोली चला दी। गोली उनकी बहन की जेठानी को लगी। इसके बाद उन्हें जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस महिला के चारों भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, अस्पताल पहुंचे पुलिसकर्मी ने घायल महिला की पहचान सदमा के रूप में की। जांच में पता चला कि सादिया का निकाह लोहा मार्केट, वेलकम स्थित एल-70 निवासी जीशान से हुआ था। विवाह के बाद से ही सादिया का जीशान और उसके परिवार से विवाद चल रहा है। बुधवार रात को सादिया ने अपने चार भाइयों तफसीर, शाहजाद, गुजरेज और मुंतहिर को ससुराल बातचीत के लिए बुलाया था।

# केजरीवाल का जन संपर्क अभियान, सौरभ भारद्वाज ने घर-घर जाकर बांटी चिट्ठी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में एक जन संपर्क अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता दिल्ली की जनता के नाम एक पत्र लेकर घर-घर जा रहे हैं। इस अभियान के तहत मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को जगदंबा कैंप में लोगों को अरविंद केजरीवाल की चिट्ठी वितरित की। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जगदंबा कैंप की गलियों में घूमकर लोगों को चिट्ठी पढ़कर सुनाया और बाद में उन्हें चिट्ठी दी। इस दौरान उनके साथ एमसीडी साउथ जोन के अध्यक्ष कृष्ण जाखड़ और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। चिट्ठी में केजरीवाल ने बताया कि कैसे उनकी सरकार ने दिल्ली में मुफ्त और 24 घंटे बिजली, पानी, इलाज, महिलाओं की बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा जैसी सुविधाएं दी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित 22 राज्यों में दिल्ली जैसी सुविधाएं प्रदान नहीं की जा रही हैं। केजरीवाल ने चेतावनी दी कि अगर भाजपा दिल्ली में सत्ता में आती है, तो वह आप सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सभी सुविधाएं बंद कर देगी।

मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल की चिट्ठी है, जिसे हम घर-घर बांट रहे हैं। लोगों के सवाल हैं कि केजरीवाल को इतने महीने जेल में क्यों रखा गया, उनकी इंसुलिन क्यों बंद की गई, उनको मारने की कोशिश क्यों की गई। जैसे ही वह जेल गए, दिल्ली के सभी जनहित के काम ठप कर दिए गए। अस्पतालों में दवाइयां खत्म की गईं, मोहल्ला क्लीनिक में टेस्ट बंद कर दिए गए और बुजुर्गों की पेंशन 4 महीने तक रोकी गई।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आप 22 राज्यों में अपनी सरकार चला रहे हैं, लेकिन गुजरात में आप फ्री बिजली क्यों नहीं दे रहे? उत्तर प्रदेश के अस्पतालों और स्कूलों को ठीक क्यों नहीं कर पा रहे? उत्तराखंड में भाजपा अरविंद केजरीवाल जैसे काम क्यों नहीं कर रही? इससे स्पष्ट है कि यह एक षड्यंत्र है, जिसमें दिल्ली की सत्ता हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दिल्लीवासियों को पानी, बिजली, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों की पेंशन और अच्छे स्कूलों की सुविधाएं रुकने नहीं देगी। जनता भाजपा के षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी।

### पुलिस हिरासत से फरार बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी के आरएमएल अस्पताल से उड़ीसा पुलिस की हिरासत से फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश मोबाइल टावरों में लगाए जाने वाले रिमोट रेडियो यूनिट (आरआरयू) की चोरी करता था। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, बीते 10 अक्तूबर को उनकी टीम ने आरआरयू चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया और न्यू कर्दम पुरी निवासी 25 वर्षीय आरोपी शहजाद मलिक को गिरफ्तार किया। इसके पास आरआरयू के 13 पार्सल थे। जांच में पांच आरआरयू का सीरियल नंबर उड़ीसा का मिला। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उड़ीसा पुलिस को सूचित कर दिया गया। उड़ीसा पुलिस की एक टीम ने शहजाद मलिक का ट्रांजिट रिमांड हासिल कर उसे उड़ीसा ले जाने से पहले मेडिकल जांच के लिए दिल्ली के आरएमएल अस्पताल ले गई। यहां से आरोपी शहजाद भाग निकला था। क्या होता है आरआरयूः--रिमोट रेडियो यूनिट (आरआरयू), जिसे आमतौर पर रिमोट रेडियो हेड (आरआरएच) के रूप में जाना जाता है।

# केबल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट की सीलमपुर टीम ने मेट्रो के केबल चोरी करने वाले शाहनवाज गिरोह का पदार्फाश किया है। मामले में गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। एक बदमाश पर नौ तो दूसरे पर 14 मामले दर्ज हैं। मेट्रो पुलिस के मुताबिक, बीते एक अक्तूबर को वेलकम मेट्रो स्टेशन के पास केबल काटने और चोरी की एक घटना हुई थी। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ की थी। इस दौरान और ऐसे अन्य मामलों को लेकर दर्ज केस की भी जांच चल रही थी। छानबीन के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश खादर क्षेत्र और सीलमपुर मेट्रो लाइन के पास घूम रहे हैं। इसके बाद शास्त्री पार्क मेट्रो पुलिस टीम ने इन बदमाशों को रोका तो वे भागने लगे। इसपर पुलिस ने इनका पीछा कर धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में सरिता विहार के मदनपुर खादर निवासी सुमित उर्फ बिल्ला और दीपक शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे शाहनवाज गैंग के सदस्य हैं। इसके अलावा वे चूहा गैंग के लिए भी काम करते हैं। चोरी करने के लिए ये रस्सियों के सहारे और गिरोह के अन्य सदस्यों की मदद से मेट्रो ट्रैक पर चढ़ते थे। इसके बाद केबल काटकर फरार हो जाते थे। इनके पास से पुलिस ने पांच ब्लेड वाला एक कटर और करीब 100 मीटर की रस्सी बरामद की है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन पर मॉक ड्रिल



नई दिल्ली। त्योहारी सीजन को देखते हुए कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को मॉकड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान बम धमाके की कॉल पुलिस को दी गई। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि सूचना के बाद स्थानीय पुलिस के अलावा पीसीआर, डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता, एंबुलेंस, क्राइम, एफएसएल टीम, बीएसईएस, अग्निशमन विभाग, मेट्रो पुलिस, सीआईएसएफ और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे इलाके की जांच की गई।

# स्वाति मालीवाल को याद आए पुराने दिन, फोटो शेयर कर लिखा- जब न पार्टी थी न सरकार, वो वक्त अच्छा था

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल बीते कुछ महीनों से पार्टी नाराज चल रही हैं। उन्होंने इस बीच लगातार आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली सरकार पर हमला बोला है। अब आज उन्होंने अपनी एक 17 साल पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। इसमें स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पार्टी के अन्य नेता हैं।

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने पर पुरानी फोटो को साझा किया। उन्होंने फोटो के साथ लिखा, वर्ष 2007 की तस्वीर है, कॉलेज खत्म कर नौकरी त्यागी, अपना सारा करियर समाजसेवा को समर्पित किया। उस समय ना पार्टी थी, ना कोई सरकार। गरीब लोगों के काम करवाते थे, बहुत खुशी मिलती थी। वो वक्त बहुत अच्छा था। बता दें, स्वाति मालीवाल को साल 2015 में दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। बतौर अध्यक्ष उन्होंने एसिड अटैक, यौन उत्पीड़न और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान निकालने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं के कल्याण और उनके अधिकारों के लिए किए गए प्रयासों के चलते आज वो भारत में सामाजिक एक्टिविज्म के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख चेहरा है।

गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल रजनीति में आने से पहले एक समाजसेवी थे, तब से स्वाति मालीवाल उनके साथ जुड़ी थी। लेकिन, बीते कुछ महीनों से स्वाति मालीवाल लगातार केजरीवाल पर निशाना साध रही है। बीते 26 सितंबर को जब केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री पर खुद को, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और बिभव कुमार को फर्जी केस में फंसाकर जेल में डाल डालने का आरोप लगाया था। तब स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल पर बेशर्मी की सभी हदें पार करने तक का आरोप लगाया था।

### मॉल में बम की सूचना से हड़कंप

नई दिल्ली । दिल्ली में बृहस्पतिवार को सभी मॉल में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और खुफिया विभाग ने जांच शुरू की। साथ ही सभी मॉल की सुरक्षा बढ़ाने के साथ चेकिंग शुरू कर दी गई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि कॉल मध्य प्रदेश के भोपाल में रहने वाले सातवीं कक्षा के छात्र ने की है। इसके बाद मामले में पुलिस ने राहत की सांस ली। कालकाजी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि ब्लॉक नंबर 37, डीडीए फ्लैट्स कालकाजी में रहने वाले 36 वर्षीय तौफिक अहमद को बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12.10 बजे एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उसने मॉल में बम रख दिया है। बम जल्द ही फट जाएगा। वह पासवर्ड बता दे। तौफिक ने इसकी सूचना पीसीआर कॉल कर पुलिस को दी। पुलिस तौफिक को कालकाजी थाने ले गई। वहां उससे स्थानीय थाना पुलिस के अलावा स्पेशल सेल और खुफिया विभाग ने संयुक्त रूप से पूछताछ की। तौफिक के पास जिस नंबर से फोन आया, उसकी डिटेल खंगाली गई। पुलिस ने इस नंबर पर बात की तो मोबाइल के मालिक ने बताया कि फोन बच्चों के हाथ में था और उन्हें गलती से फोन कर दिया।

# सीएम आतिशी ने वाल्मीकि जयंती के मौके पर पंचकुइयाँ रोड स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किए

- भगवान वाल्मीकि जी के हाथ में कलम इस बात का प्रतीक है कि, समाज में चाहे कोई कितना भी पीछे खड़ा हो लेकिन शिक्षा के माध्यम से आगे जरूर बढ़ सकता है-सीएम आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



वाल्मीकि जयंती के मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार सुबह पंचकुइयाँ रोड स्थित वाल्मीकि मंदिर में जाकर भगवान वाल्मीकि के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

सीएम आतिशी ने मंदिर पहुंचकर सर्वप्रथम माथा टेका, भगवान वाल्मीकि की पुष्पमाला अर्पित की और उसके बाद मंदिर की प्रदक्षिणा की और दिल्ली के लोगों की बेहतरी के लिए आशीर्वाद मांगा।

सीएम आतिशी ने अपने एक्स(ट्विटर) हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि, भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर पंचकुइयाँ रोड के वाल्मीकि मंदिर में जाकर भगवान वाल्मीकि के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस मौके सीएम आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, भगवान वाल्मीकि जी वो भगवान है, जिनके हाथ में कलम है। भगवान वाल्मीकि जी के हाथ में जो कलम है, वो इस बात का प्रतीक है कि, समाज में चाहे कोई कितना भी पीछे खड़ा हो लेकिन शिक्षा के माध्यम से आगे जरूर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि, भगवान वाल्मीकि ने शिक्षा को समाज की तरक्की का मार्ग बताया और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम दिल्ली के हर बच्चे को सबसे शानदार शिक्षा दे रहे है। क्योंकि शिक्षा समाज की तरक्की का सबसे बड़ा साधन है। हमारे बच्चे जितने शिक्षित होंगे समाज उतना आगे बढ़ेगा। सीएम आतिशी ने कहा कि, भगवान वाल्मीकि के पदचिह्नों पर चलते हुए अगर पूरे देश में कोई एक सरकार काम कर रही है, तो वो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में आम आदमी पार्टी की सरकार है, जो गरीब बच्चों को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन देकर आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

सीएम आतिशी ने कहा कि, भगवान वाल्मीकि के धर्म, समानता और मानवता के मूल्यों को अपनाते हुए हम शिक्षित और विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

# 27 आपराधिक मामलों में संलिप्त बदमाश को दबोचा

नई दिल्ली । विवेक विहार पुलिस ने मंगलवार को लूट और झपटमारी समेत 27 आपराधिक मामलों में संलिप्त एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ईस्ट नत्थू कॉलोनी, एमएस पार्क निवासी अभिषेक उर्फ संता के रूप में हुई है। वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर ली है। आरोपी ने यमुना विहार में सोने की चेन लूट ली थी। पुलिस उसके साथी विकास गुप्ता की तलाश कर रही है।

# दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर्स को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के दक्षिण जिले में सीआर पार्क थाने की पुलिस ने दो प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर्स दिलीप कुमार गुप्ता (54 वर्ष) और शिवम गुप्ता (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी फायरिंग और विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों में शामिल रहे हैं। यह गिरफ्तारी गुरुवार को हुई जब पुलिस ने स्थानीय सूचनाओं के आधार पर बदरपुर स्थित रूप नगर कॉलोनी में एक विशेष अभियान चलाया। आरोपियों की पहचान ओम नगर, जैतपुर, मिथापुर में रहने वाले दिलीप कुमार गुप्ता और उनके बेटे शिवम गुप्ता के तौर पर की गई। इस अभियान में पुलिस ने प्रभावी तरीके से छापा मारकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और उनके खिलाफ मामले की आगे की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दिलीप और शिवम गुप्ता को 25 जुलाई 2024 को प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित किया गया था, जिससे उनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया और भी आवश्यक हो गई थी। दिल्ली पुलिस ने इस सफल ऑपरेशन की सराहना की है और अपनी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। यह कार्रवाई ना केवल स्थानीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कड़ी निगरानी और प्रयासों का भी प्रमाण है।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का पूरा नाम :** सड़क सुरक्षा परियोजना इकाई (आरएसपीयू) नई दिल्ली के तहत उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में दिल्ली जंक्शन स्टेशन यार्ड में आरओबी नंबर 1 (पुल डफरिन), आरओबी नंबर 5 (पुल मिठाई) और आरओबी नंबर 6 (पुल बंगश) के पहुंच भाग सहित तीन (03) रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का पुनर्निमाण |
| 2 | **लगभग कार्य की लागत :** रु. 1,07,29,78,348.82 |
| 3 | **कार्य समाप्ति की अवधि :** 18 (अठारह) माह |
| 4 | **बयाना राशि :** रु. 55,14,900/- (पचपन लाख चौदह हजार नौ सौ मात्र) |
| 5 | **रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता :** वेबसाइट निविदा दस्तावेज़ IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | **निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :** निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाईट पर 18.11.2024, 11.30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 08.11.2024 प्रातः 11.30 बजे। |

सं.: 05/W/09/2024/WA/Dy.CE/C/RSP दिनांक: 16.10.2024 3221/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन राशि से वंचित छात्रों के बीच जल्द वितरण होगा शेष बकाया राशि

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर। मुख्य मंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2024 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उच्चतर माध्यमिक) पटना से इंटरमीडिएट 2024 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कुल-302 छात्राओं में 240 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जा चुका है। शेष 45 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जाना शेष बांकी है, जिसके लिए आवश्यक कागजात जैसे- सत्यापित आवेदन पत्र, अंक प्रमाण पत्र, प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, मोबाईल नम्बर एवं आधार से संबद्ध बैंक पास बुक की अभिप्रमाणित छायाप्रति (जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, मुंगेर) में दिनांक-21.10.2024 तक जमा करना सुनिश्चित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला अल्प संख्यक कल्याण पदाधिकारी राघवेन्द्र कुमार दीपक ने बताया कि प्रोत्साहन राशि को छात्राओं के खाता में सीएफएमएस के माध्यम से भेजा जाना है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित विद्यालय व महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को शीघ्रता शीघ्र आवेदन उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि स-समय प्राप्त आवेदन के आधार पर संबंधित पात्र लाभुकों को राशि उपलब्ध कराई जा सके।

### युवती के लापता होने का मुकदमा किया दर्ज

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के लापता होने की शिकायत परिजनों ने पुलिस से की है इधर परिजनों ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि डोभी थाना क्षेत्र के घोड़ाघाट गांव के रहने वाला सूरज कुमार नामक युवक ने ही शादी के नियत से युवती को भगाकर ले गया है, जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### आहार में डूबने से वृद्ध व्यक्ति के मौत



प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी प्रखंड क्षेत्र के उचिरवां गांव में शौच करने गया 70 वर्षीय वृद्ध के आहार में डुबने से मौत हो गया। मृतक की पहचान गुरुआ थाना क्षेत्र के समदा गांव निवासी दयाल यादव के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दिया है. चितापकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव ने बताया कि वृद्ध व्यक्ति गुरुवार की सुबह आहार की ओर शौच के लिए निकला था. अंदेशा है,कि शौच के बाद पानी छूने के दौरान पैर फिसल जाने से आहर में डूब कर वृद्ध की मौत हो गई है. उन्होंने बताया कि घटना को लेकर स्थानीय प्रशासन को जानकारी दी गई है शेरघाटी बीडीओ स्नेहिल आनंद ने घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया है. उन्होंने मृतक के आश्रितों हर संभव सरकारी सहायता एवं मुआवजा का आश्वासन दिया है. इधर वृद्धि दयाल यादव के अचानक आहार में डूबने से हुई मौत के बाद उसके परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### नए उम्मीदवार को रोकने के लिए अपनाए जा रहे हैं तरह-तरह के हथकंडे

नए उम्मीदवार को चुनावी दंगल में रोकने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। प्रखंड के अधिकांश पैक्स के पुराने सदस्य को पूर्ण सदस्य की जगह सह सदस्य बना दिया गया है। जिससे बहुत लोग पैक्स चुनाव में उम्मीदवार नहीं बन सकेंगे। इस तरह की चर्चा चल रहा है कि कई मतदाता सूची में पैक्स चुनाव में बड़े पैमाने पर मृतक सदस्य का भी नाम प्रकाशित किया गया है। वहीं कई पंचायत में दूसरे पंचायत के चहेते मतदाता का भी नाम जोड़कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जिससे बहुत लोग पैक्स चुनाव में उम्मीदवार नहीं बन सकेंगे। पैक्स की कुर्सी बचाने के लिए पुराने अध्यक्षों ने अपने पक्ष में चुनाव को करने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों के संपर्क में है यही हाल कार्यकारिणी सदस्यों का है।

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ बिहार चैप्टर ने पटना में पारंपरिक उत्साह और भव्यता के साथ मनाया सर सैयद दिवस

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) पूर्व छात्र संघ बिहार चैप्टर ने गुरुवार को पटना में हज भवन के पास मौलाना मजहरुल हक ऑडिटोरियम में पारंपरिक उत्साह और भव्यता के साथ सर सैयद दिवस मनाया।
कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. फैजान मुस्तफा रहे। मौके पर मुख्य वक्ता और विशिष्ट अतिथि प्रो. फैजान मुस्तफा ने सर सैयद के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला और आज के परिप्रेक्ष्य के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने समुदाय और विशेष रूप से राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक मार्ग का मार्गदर्शन किया। इनायत खान ने शिक्षा के महत्व के बारे में बात की और शिक्षा की मदद से दलित वर्ग के उत्थान के लिए सर सैयद की भूमिका के बारे में जानकारी दी। रवींद्रन शंकरन ने शैक्षणिक जीवन के दौरान खेलों की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर अपने अध्यक्षीय भाषण में नदीम सेराज ने कहा कि सर सैयद अहमद खान का सपना भारत में प्रगतिशील, शिक्षित और सहिष्णु समाज का निर्माण करना था। कार्यक्रम के दौरान महासचिव मोशीर आलम ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की और बताया कि एएमयू एलुमनाई एसोसिएशन बिहार ने भी अलीगढ़ आंदोलन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए काम किया है। सर सैयद का उद्देश्य केवल अलीगढ़ में एक कॉलेज की स्थापना तक ही सीमित नहीं था, बल्कि पूरे देश में मुस्लिम प्रबंधित शैक्षणिक संस्थानों का नेटवर्क फैलाना था। स्वागत भाषण एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल मन्नान खान ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, रवींद्रन शंकरन, आईपीएस, महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और इनायत खान, आईएएस, रजिस्ट्रार, सहकारी समिति, बिहार सरकार अतिथि अपरिहार्य कारण से नहीं आये लेकिन उन्होंने अपने संदेश में कार्यक्रम की सफलता के लिये शुभकामनाएँ दी।
कार्यक्रम की शुरूआत कहकशां नाज द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संपादक इफ्फत अंजुम और सह संपादक डॉ. अमजद अली द्वारा स्मारिका पेयाम ए अलीग 24 का विमोचन किया गया।
कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सान्या खान ने और डॉ. शीरीन मसरूर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। पारंपरिक रूप से कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय तराना और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# धन व ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए श्रद्धालुओं ने की माँ महालक्ष्मी की आराधना

- ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर परिसर में बुधवार की देर संध्या खुला मां महालक्ष्मी का पट
- मां महालक्ष्मी के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





- मंदिर में स्थापित मां महालक्ष्मी का दर्शन करते श्रद्धालुओं

प्रातः किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- गिद्धौर के अति प्राचीन उलाई नदी तट पर अवस्थित ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में धन वैभव की देवी मां महालक्ष्मी की देर संध्या पूजा प्रतिमा स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा विद्वान तांत्रिक महेश्वर चरण महाराज के देख रेख में पूरे नियम निष्ठा एवं विधि विधान के अनुसार करवाया गया। सदियों से दुर्गा पूजा उपरांत आश्विन शुक्ल पूर्णिमा तिथि की संध्या बेला में धन,वैभव, यश की देवी मां लक्ष्मी की पूजा प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा रियासत के विद्वान पंडित महेश्वर चरण महाराज के द्वारा परंपरा अनुरूप करवाया गया। बतातें चले की बंगाल राज्य में जिस प्रकार मां लख्खी की पूजा सदियों से कराये जाने की परंपरा रही है ठीक इसी प्रकार गिद्धौर चंदेल राजवंश के शासकों द्वारा अपने राज्य के आम अवाम के सुख समृद्धि शांति धन वैभव यश कृति को लेकर बंगाल के इस पूजा का हिंदी रूपांतरण मां लक्ष्मी की पूजा के रूप में यहां मनाया जा रहा है। क्षेत्र के आम आवाम का यह मानना है कि इस मंदिर में स्थापित लक्ष्मी मां की जो भक्त सच्चे हदय से पूजा अर्चना करता है। मां उनकी झोली धन धान्य से भर देती है। वहीं सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने बुधवार की रात में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। इधर मेले में मनोरंजन के साधन सर्कस, तारामची, मां वैष्णो देवी गुफा, ड्रैगन जैसे खेल तमाशे का क्षेत्र वासियों ने लुफ्त उठाया। वहीं लोगों ने मेले में लगे दुकानों से सामानों की भी जमकर खरीददारी की। मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए कमिटि के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार साव व समिति के सदस्यों द्वारा मेले में जगह जगह पर बारीकी नजर रखी गई थी।

# केमस्टि एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की गैर लाइसेंसी दवा दुकानदार के खिलाफ हुई बैठक



प्रातः किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बिना लाइसेंस के चल रहे कई दवा दुकानों को लेकर केमस्टि एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से एक बैठक पुरानी बाजार स्थित धर्मशाला में आयोजित कि गई जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश यादव ने किया। बैठक में बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे दवा दुकान पर अपनी नाराजगी जताया। सचिव, कोषाध्यक्ष ने बताया कि लोग वैसे दवा दुकानदार से बचे क्योंकि वैसे दुकानदार आपकों दवा का बिल नही दे पाएगा। सचिव और कोषाध्यक्ष ने कहा कि लाइसेंस लेकर ही दवा दुकान विधिवत तरीके से चलाए अन्यथा वरीय पदाधिकारी के द्वारा अगर वैसे दवा दुकानों पर कार्रवाई करती है तो उसका जिम्मेवार दुकानदार होगा। इसके अलावे बैठक में ग्राहकों के बीच सही दवा लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी बात कि गई ताकि ग्राहक बिल पर दवा की खरीदारी करे। सचिव विजय कुमार बरनवाल, कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार ने बताया कि बैठक में बहुत सारी बिंदुओ पर चर्चा हुई जिसमें प्रमुख से बिना लाइसेंस के चल रहे दुकान पर कि गई क्योंकि जो दवा दुकानदार लाइसेंस लेकर अपना व्यवसाय कर रहे है उनलोगों को बिना लाइसेंस लिए चल रहे दवा दुकान से काफी हानि पहुंच रहा है। बैठक में कामदेव बरनवाल, संदीप कुमार , विनोद कुमार साव, प्रफुल्ल बरनवाल, विनोद कुमार सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।

# दो अन्तराज्कीय शराब माफिया को चॉस से झाझा पुलिस ने किया गिरफ्तार एसडीपीओ ने किया पीसी

प्रातः किरण, संवाददाता



झाझा पुलिस ने शराब तस्करी के गिरोह के दो अन्तराज्कीय शराब माफिया को झारखंड के चॉस से गिरफ्तार कर झाझा थाना लाया। बीते 6 अगस्त को दादपुर के पास दो वाहन से मिले भारी मात्रा और गिरफ्तार दो शराब तस्कर मामले दोनों को किया गया गिरफतार।इस मामले में गुरूवार झाझा थाना में एसडीपीओ राजेश कुमार ने पीसी कर पूरे मामले की जानकारी दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मेरे नेतृत्व में झाझा एसएचओ संजय सिंह, पुनि संजय कुमार यादव, पुअनि कुंज बिहारी कुमार, कविता माटे, नंदन कुमार एवं लोगों की टीम बनाकर चॉस पहुंचकर गिरोह के दो सदस्य मिथुन कुमार और पिकअप मालिक देवाशीष कुंडू को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि बीते 6 अगस्त को दादपुर में एक उजले रंग का पिकअप एवं लाल रंग के कार से 8-9 लाख रूपए का करीब 750 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई थी और दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया गया जिसमें पता चला था कि यह एक संगठित गिरोह है जिसका संचालन झारखंड के बोकारो जिला के चॉस थानाक्षेत्र से होता है और मुख्य सरगना सौरभ सिंह जिसका चॉस में पानी का फैक्ट्री है और उसी के ऑड़ में झारखंड से शराब इस गिरोह द्वारा देवघर के रास्ते जमुई भेजा जाता है। इस संबंध में अनुसंधान के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि सिमुलतला थाना कांड संख्या 26/24 में भी जब्त पिकअप और झाझा थाना में जब्त पिकअप दोनो का रजिस्टेज्शन नंबर एक ही है। सिमुलतला में रंगे हाथ गिरफ्तार अभियुक्त संतोष कुमार दूबे और लक्ष्मण कुमार यादव भी चॉस के ही रहने वाले जो जमानत के बाद पुनः शराब के धंधे में ही लिप्त पाए गए और उनकी ही खेप दादपुर के पास पकड़ी गई थी। एसडीपीओ ने बताया कि शराब के धंधे में जुड़े अन्य लोगों की भी संलिप्ता के विषय मे पूछताछ एवं छापामारी किया जा रहा है।

# हमसफर एक्सप्रेस से युवक ने लगाई छलांग, स्थिति नाजुक

## युवक टेलवा बाजार का है रहने वाला



प्रातः किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा स्टेशन के समीप गुरुवार की सुबह खलासी मुहल्ला के पास पोल संख्या 367/20 डाउन रेलवे लाइन पर हमसफर एक्सप्रेस में सफर कर रहे 22 वर्षीय एक युवक चलती ट्रेन से छलांग लगा दिया, जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सिमुलतला थानाक्षेत्र के टेलवा बाजार निवासी मो. शाहिद अंसारी के रूप में हुई है। घायल युवक के भाई मो. वाहिद ने बताया कि मैं अपने भाई के साथ ही आंनदविहार से हमसफर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे और टेलवा अपने घर जाने के लिए झाझा स्टेशन पर उतरना था । घायल युवक को इलाज के लिए आरपीएफ के एएसआई राजेंद्र उपाध्यक्ष एवं उनके परिजनों की मदद से रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर सदाब ने घायल युवक का इलाज किया लेकिन स्थिति नाजुक देखकर बेहतर इलाज के लिए घायल युवक को डॉक्टर ने सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल युवक के सिर में काफी चोट लगा जिससे उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मो. वाहिद ने बताया कि मेरे भाई की तबियत ठीक नही है जिसके कारण वह ट्रेन से छलांग लगा दिया। जब तेज गति से ट्रेन झाझा स्टेशन के क्षेत्र में प्रवेश किया तो मेरा भाई अचानक छलांग लगा दिया जिससे वह रेलवे लाइन के किनारे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद लोगों की मदद से उसे अस्पताल लाया और पूरे परिवार को भी घटना की जानकारी दिया।

# दिव्यांगजन प्रमाणीकरण के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों में कैंप लगाने का डीएम ने दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता




मुंगेर। दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय बिहार, पटना के निर्देश पर दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाणीकरण करने हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडों में कैंप लगाने को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सिविल सर्जन डा. बिनोद कुमार सिंह, उप निदेशक सामाजिक सुरक्षा सत्यकाम सहित अन्य उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अन्तर्गत सभी अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आगामी 17.10.2024 से 05.11.2024 तक दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं ऑनलाईन यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए प्रखंडवार तिथि के अनुसार दिव्यांगत्ता शिविर के आयोजन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय निदेश के आलोक में दिव्यांगता प्रमाणीकरण पर युद्धस्तर पर कार्य किए जाने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभुक दिव्यांगजन को चिन्हित कर उनका यूडीआईडी कार्ड बनाया जा सके। इस कार्ड के माध्यम से उन्हें अन्य विभिन्न प्रकार के लाभ मिल पाएंगे। इसके लिए उन्होंने सिविल सर्जन तथा सामाजिक सुरक्षा कोषांग के उप निदेशक को प्रखंडवार शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है, जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सिविल सर्जन कार्यालय, में 17 अक्टूबर 24 को डा.रमण कुमार, डा. निरंजन कुमार, डा. मो. रईस तथा नेत्र सहायक मनोज कुमार के देख रेख में शिविर आयोजित होगी। जबकि 19 अक्टूबर को सामुदायिक स्वा० केन्द्र, संग्रामपुर में डा० राम प्रवेश प्रसाद, डा० निरंजन कुमार, डा० प्रेम कुमार तथा विकास कुमार नेत्र सहायक की उपस्थिति में शिविर संचालित होगी। 21 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेटियाबंबर में, 23 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर, 24 अक्टूबर को सिविल सर्जन कार्यालय, 26 अक्टूबर को अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर, 28 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा, 30 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियारपुर में कैम्प आयोजित किए जाएंगे। वहीं 2 नवंबर 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज, 4 नवंबर को अनुमंडलीय अस्पताल हवेली खड़गपुर तथा 5 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर प्रखंड में दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैम्प का संचालन पूर्वाहन 11.00 से 03.00 बजे अपराहन तक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उक्त कैम्प में ससमय उपस्थित रह कर शत प्रतिशत पात्र दिव्यांगजनों को चिन्हित कर यूडीआईडी कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

# जिले के विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता




मुंगेर। छठ पूजा की तैयारी को लेकर बुधवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में नगर निगम की बैठक जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में छठ पूजा की तैयारी अथवा विभिन्न घाटों पर साफ सफाई की व्यवस्था पर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 7 व 8 नवंबर 2024 को छठ पूजा होनी है तथा मुंगेर जिले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण गंगा के विभिन्न घाटों पर अर्घ्य अर्पित करने हेतु एकत्रित होते हैं। उनकी सुविधा के लिए विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने नगर आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया कि घाटों पर सफाई व्यवस्था के लिए अभी से ही पदाधिकारियों की निगरानी में कार्य प्रारंभ कर दें। साथ ही उन्होंने सभी गंगा घाटों का स्थलीय निरीक्षण का भी निर्देश है। उन्होंने कहा कि घाटों का निरीक्षण कर अभी से ही वहां की गंदगी तथा बाढ के बाद गंगा के जल स्तर में गिरावट के बाद जो भी स्थिति है, उसका जायजा लेकर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही खतरनाक गंगा घाटों को भी चिन्हित करें। उन्होंने छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं के गुजरने वाले विभिन्न मार्गों में फ्लैक्स आदि के अधिष्ठापन अथवा तोरण द्वार लगाने का भी निर्देश दिया। साथ ही घाटों पर जलस्तर की जांच वहां जाला से बैरिकेडिंग करते हुए खतरे के निशान का सिंबल लगाने की बात कही। इसके अलावे सभी घाटों पर तीन बड़े नावों के साथ साथ गोताखोर तथा एसडीआरएफ की टीम को भी प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ की टीम द्वारा गंगा में लगातार गश्त करेगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बनने वाले घाटों का निरीक्षण करने तथा स्थानीय पंचायत के मुखिया अथवा जन प्रतिनिधियों द्वारा अपनी देख रेख में सारी व्यवस्था कराने की बात कही। किसी भी सूरत में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

# संग्रामपुर आंचल ही टॉप 20 में जगह बना पाए

## मासिक रैंकिंग में संग्रामपुर अंचल का 16वां स्थान मिला

प्रातः किरण संवाददाता




संग्रामपुर (मुंगेर)। भूमि एवं राजस्व विभाग के द्वारा सभी अंचलों के कार्य उपलब्धि की जारी की गई मासिक रैंकिंग में संग्रामपुर अंचल का स्थान सितंबर में 16वां आया है।मुंगेर जिले के सभी अंचलों में शीर्ष पर रहते हुए जिले से सिर्फ संग्रामपुर अंचल ही टॉप 20 में जगह बना पाई है। भूमि एवं राजस्व विभाग के द्वारा अंचलों के कार्य शैली में सुधार के उद्देश्य से प्रत्येक महीने राज्य के सभी अंचलों का कार्य उपलब्धि की रैंकिंग की जाती है। पूर्व में भी यह प्रक्रिया विभाग के द्वारा की जाती थी परंतु कुछ महीनो से अंचलों की मासिक कार्य समीक्षा रिपोर्ट बंद कर दी गई थी। अगस्त 2024 से पुनः विभाग के द्वारा सभी अंचलों की कार्य समीक्षा रिपोर्ट अंचल के कार्य उपलब्धि के आधार पर करने की शुरूआत की गई है। अगस्त में जारी किए गए अंचल की रैंकिंग में संग्रामपुर अंचल राज्य में 29 वें नंबर पर रहकर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया था।सितंबर के महीने में संग्रामपुर अंचल ने अपनी कार्य उपलब्धि में सुधार लाकर अपनी रैंकिंग को बेहतर करते हुए 16वां स्थान प्राप्त किया है। विभाग के द्वारा राज्य के कुल 534 अंचल के विभिन्न कार्यों से जुड़े रिपोर्ट कार्ड में एल पी सी, आर सी एम एस अतिक्रमण एवं मौजा के आधार पर सरकारी जमीन की एंट्री में संग्रामपुर अंचल का कार्य उपलब्धि सत प्रतिशत है। संग्रामपुर अंचल ने ऑनलाइन म्युटेशन में 86%,अभियान बसेरा में 29.5%,परिमार्जन प्लस में 26%,ई मापी में 76.7% की कार्य उपलब्धि रखकर अपने आप को राज्य के औसत से ऊपर रखा है।वहीं आधार सीडिंग एवं अंतिम लगन के साथ जमाबंदी कायम करने में संग्रामपुर अंचल राज्य के औसत से कुछ पीछे रह गया है।फरवरी 20 24 से संग्रामपुर आंचल में बतौर अंचल अधिकारी पदस्थापित निशीथ नंदन मैं इस संबंध में कहा कि अंचल के कुछ कार्य क्षेत्र में अभी भी सुधार की आवश्यकता है। कोशिश रहेगी कि सभी कार्य क्षेत्र में सुधार लाकर अंचल की कार्य उपलब्धि को और बेहतर किया जाए।

# तीन दिवसीय चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का आज राज्यपाल करेंगे उद्घाटन : कुमार कपिलश्वर

प्रातः किरण संवाददाता



दरभंगा। तीन दिवसीय चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है. संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में इसका आयोजन आगामी 18 अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक हो रहा है। इसका उद्घाटन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर करेंगे। उक्त जनकारी कार्यक्रम के अध्यक्ष व दरभंगा राज के कुमार कपिलश्वर सिंह ने प्रेस वार्ता के द्वारा बताया। उन्होंने बताया की इस दौरान राष्ट्रीय स्तर के अध्येता विद्वानों का समागम होगा। सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न सत्रों में चर्चा-परिचर्चा की जायेगी। इसे लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विचारों के प्रसार के लिए चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का प्रतिवर्ष आयोजन होता रहा है. इस वर्ष इस तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन अपनी ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध नगर दरभंगा में हो रहा है। उद्घाटन 18 अक्तूबर को सुबह 11 बजे होगा। इस सत्र में राज्यपाल अर्लेकर के अलावा महोत्सव के स्वागत समिति के अध्यक्ष कुमार कपिलेश्वर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह, महोत्सव के संयोजक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा मंचासीन रहेंगे. इस दिन तीन और सत्र आयोजित होंगे. प्रथम सत्र में तीन विषयों- भारत का स्वतंत्रता संघर्ष : स्व के जागरण का प्रतिफल, भारतीय संस्कृति : वैश्विक समस्याओं का समाधान तथा आर्थिक चिंतन का भारतीय दृष्टिकोण पर चर्चा-परिचर्चा होगी. दूसरे सत्र में विख्यात व्यक्तित्व से आगंतुक एवं सहभागी रू-ब-रू होंगे. देर शाम तीसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें लोक नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किये जायेंगे. अगले दिन 19 अक्तूबर को प्रथम सत्र में समावेशी विकास एवं पर्यावरण संरक्षण, साहित्य-पत्रकारिता में भारतीय चिंतन तथा लोक साहित्य, कला, संस्कृति में एकात्म बोध विषय पर परिचर्चा होगी. भारतीय साहित्य में सामाजिक समरसता विषय पर दूसरे सत्र में, भारतीय संस्कृति में मातृ शक्ति जागरण तीसरे सत्र में तथा चौथे सत्र में भारतीय सिनेमा व स्व का जागरण विषय पर व्याख्यान होगा. देर शाम कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा. अंतिम दिन 20 अक्तूबर को आध्यात्म की वैज्ञानिकता, भारतीय साहित्य में नागरिक कर्त्तव्यबोध तथा मिथिला की ज्ञान परंपरा पर विषद विमर्श के पश्चात समापन सत्र आरंभ होगा. इसकी तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है. संस्कृत विवि के मैदान में बड़ा पंडाल बनाया गया है. सह संयोजक राजेश कुमार के अनुसार तैयारी के अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# बालू माफिया के खिलाफ राज्य भर में सबसे कम छापेमारी मुंगेर जिले में

प्रातः किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) बिहार में बालू माफिया और गिट्टी माफियाओं का अवैध खनन और गलत तरीके से खनन भंडारण किये जाने को रोकने के लिए बिहार खनन एवं भूतत्व विभाग ने संयुक्त छापामारी अभियान चला रहे हैं इस से विभाग को काफी सफलता मिली है। आज भी बालू माफिया ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का उपयोग कर बालू खनन कर ऊंचे दामों पर बालू की बिक्री कर रहे हैं खन एवं भू तत्व विभाग में चालू भित्ति वर्ष 2024 25 की छमाही रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक राज्य के सभी जिलों में छापामारी कर राजस्व की वसूली एवं दंडात्मक कार्रवाई विभाग द्वारा की गई है । सूत्रों के अनुसार मुंगेर में 149 छापामारी मुजफ्फरपुर में 153 नालंदा 157 नवादा 601 पटना 394 पूर्णिया 172 रोहतास 433 सारण 662 सहरसा 205 समस्तीपुर 222 शेखपुरा 467 शिवहर 53 सीतामढ़ी 206 सिवान 190 सुपौल 309 वैशाली 5751 अररिया 246 अरवल 321 औरंगाबाद 225 बांका 474 बेगूसराय 280 बेटियां 300 भागलपुर 856 भोजपुरी 835 बक्सर 485 दरभंगा 200 22 गया 433 गोपालगंज 242 जमुई 496 जहानाबाद 303 कैमूर 349 कटिहार 241 क्रिया 329 किशनगंज 344 लखीसराय 267 मधेपुरा 144 मधुबनी 186 मोतिहारी 277 इन छापामारी में रिपोर्ट के मुताबिक 6 माह में प्रदेश में कुल 13 लाख 113 छापेमारी की गई इनमें से 1917 पर फिर हुई 774 लोगों को गिरफ्तार किया गया वहीं 6 पॉइंट 514 वाहनों की जपती हुई कोर्ट के आदेश पर 03 लाख 38 हजार 550 लाख विभाग को मिले दंड स्वरूप।। 5.0 28 पॉइंट 81 लाख रूपए राजस्व एवं प्राप्त ज्हु।आ 6 माह में सिर्फ पेनल्टी मद में 841441 लाख की वसूली की गई झारखंड से गिट्टी एवं बालू को गलत तरीके से ले जाने से रोकने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है जिससे सफलता भी मिली है छमाही रिपोर्ट के मुताबिक मुंगेर जिले में सबसे कम छाप बीमारी की गई है और सबसे कम राजस्व की भी वसूली की गई है।

सम्पादकीय

# चुनाव ईवीएम से ही

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम चुनाव आयोग ने घोषित कर दिया है। वायनाड और नांदेड़ लोकसभा सीटों के साथ-साथ 48 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी उपचुनाव होंगे। उप्र के बाद महाराष्ट्र सबसे बड़ा सदन है, लिहाजा 288 सदस्यों की विधानसभा है। यहां से 48 सांसद चुन कर लोकसभा में भी जाते हैं। उस लिहाज से एक और चुनावी महासमर सज गया है। चूंकि हरियाणा में कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है, लिहाजा महाराष्ट्र कांग्रेस और उसके कथित सर्वोच्च नेता राहुल गांधी के लिए ‘अग्निपरीक्षा’ से कम नहीं है। यदि महाराष्ट्र कांग्रेस और ‘इंडिया’ गठबंधन की झोली में आता है, तो एक बार फिर विपक्ष ताकतवर, लामबंद होकर उभर सकता है। यदि महाराष्ट्र का जनादेश भी, हरियाणा की तर्ज पर, ‘महायुति’ (भाजपा-एनडीए) के पक्ष में रहा, तो प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा दावा कर सकेंगे कि ‘भगवा’ और ‘विकास’ का कोई जवाब नहीं। मोदी भी अतुलनीय नेता हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ जो छद्म नेरेटिव गढ़ा गया था और वह महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में सफल भी रहा था, उसे एनडीए के पक्ष में जनादेश ध्वस्त कर सकता है अथवा भाजपा-एनडीए का नया नेरेटिव कारगर साबित हो सकता है। झारखंड अपेक्षाकृत छोटा चुनाव है और 81 सदस्यों की विधानसभा है। वहां भाजपा की संभावनाएं उज्ज्वल हैं। झामुमो के संस्थापक नेताओं में से एक चंपई सोरेन के भाजपा में आने के बाद आदिवासियों का एक पूरा क्षेत्र भाजपा की ओर ध्रुवीकृत हो सकता है। चंपई का उस इलाके में बहुत सम्मान है और उन्हें ‘टाइगर’ कहा जाता है। बहरहाल नवंबर में मतदान होने के बाद 23 नवंबर को दोनों राज्यों के जनादेश घोषित किए जाएंगे, लेकिन एक बार फिर ‘ईवीएम’ का सवाल और आपत्तियां भी सामने हैं। विपक्ष का एक तबका शिद्दत से मांग करता रहा है कि मतदान बैलेट के जरिए कराया जाए। चुनावों की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम पर सवालों के जवाब भी दिए और स्पष्ट किया कि मतदान ईवीएम के जरिए ही होंगे, क्योंकि यह 100 फीसदी सुरक्षित है। विपक्ष ने कई पुरानी आपत्तियों को भी दोहराया, जो आज अप्रासंगिक हैं। हरियाणा में अप्रत्याशित हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम पर ही ठीकरा फोड़ा है, लेकिन वह हरियाणा में ही 37 विधायकों की जीत के सवाल पर अनुत्तरित रहती है।

कांग्रेस को तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल जैसे राज्यों में और 99 लोकसभा सीटों पर जनादेशी जीत, ईवीएम के जरिए ही, हासिल हुई थी, उसका जवाब भी कांग्रेस नहीं देती। कांग्रेस को राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी ईवीएम के जरिए ही जीत हासिल हुई थी और सरकारें बनी थीं, तब ईवीएम की प्रौद्योगिकी पर सवाल क्यों नहीं उठाए गए? मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि ईवीएम पेजर की तरह ‘कनेक्टिव’ नहीं होती और न ही इसे हैक किया जा सकता है। इसकी सुरक्षा तीन लेयर की होती है। ईवीएम में बैटरी 6 दिन पहले डाली जाती है और मतदान, मतगणना के समय ईवीएम की चेकिंग की जाती है। हरियाणा की हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम की बैटरी सरीखे तकनीकी सवाल उठा दिए। बहरहाल जो सवाल उठाए गए हैं, चुनाव आयोग उनका जवाब जरूर देगा, क्योंकि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। दरअसल बार-बार ईवीएम पर सवाल उठाने के बजाय कांग्रेस और समूचा विपक्ष अपनी ‘चुनावी हार’ स्वीकार करने की हिम्मत क्यों नहीं कर लेता? जो जीत है, उसे भी ईवीएम की जीत माना जाए। हम अब 21वीं सदी में रहते हैं। प्रौद्योगिकी में हर रोज बदलाव आ रहे हैं, वह उन्नत हो रही है, उसे धारण करने के बजाय क्या हम ‘बैलेट’ वाले युग में ही रहना चाहेंगे? दुनिया जानती है कि बैलेट वाले दौर में पोलिंग स्टेशन के भीतर मतदान को किस तरह बदला जाता था, बूथ छापे जाते थे, जनादेश फर्जी होता था, क्या विपक्ष उसी ‘मध्यकालीन दौर’ में लौटना चाहता है? बैलेट मतदान में भी हार हुई, तो विपक्ष क्या करेगा? ईवीएम का मुद्दा सर्वोच्च अदालत तक जा चुका है, शीर्ष न्यायिक फैसला भी देश के सामने है। यदि विपक्ष उसे भी नकारेगा, तो वह संवैधानिक उल्लंघन होगा। बहरहाल ईवीएम पर हर रोज की चिल्ल-पौं बंद होनी चाहिए। विपक्ष एक बार ही सोच ले कि कैसे विरोध करना है। कमोबेश देश को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग स्पष्ट कर चुका है कि ईवीएम में हेराफेरी की कोई संभावनाएं नहीं हैं।

## बेकाबू महंगाई का सितम झेलती जनता

अनुज आचार्य

भारत सहित हिमाचल में इन दिनों हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं और महंगी सब्जियां आम लोगों की पहुंच से पार हो चुकी हैं। टमाटर के दाम ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हिमाचल में जहां टमाटर 140 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है, वहीं हरा मटर 200 रुपए की दर से बिक रहा है। दूसरी सब्जियां भी 80-90 पार ही बिक रही हैं और सब्जी विक्रेताओं, आढ़तियों को कोई पूछने वाला नहीं है। आलू, प्याज, शिमला मिर्च सोने के भाव बिक रहे हैं। एक तरफ शादियों का सीजन चल रहा है, तो दूसरी तरफ त्योहारों के चलते लोगों की जेबें खूब ढीली हो रही हैं। सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों के दामों और एमआरपी पर कोई ठोस नियंत्रण न होने के कारण एक तरफ देश में गरीबों की हालत दयनीय होती जा रही है तो वहीं अमीरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत में हाल के वर्षों में खाद्यान्नों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ चुके हैं।

ऊपर से, देश में रोजगार की स्थिति बेहद खराब है और लोगों की कमाई भी नहीं बढ़ रही है। इसलिए, आम आदमी को पूरा आर्थिक परिदृश्य ही नकारात्मक नजर आ रहा है। हिमाचल प्रदेश के बाजारों में महंगाई बेलगाम होती जा रही है। ऐसे लगता है जैसे फल एवं सब्जियों के विक्रेताओं में नियम-कायदे और कानून का कोई खौफ नहीं है और वे मनमाने दामों पर सब्जियां और फल बेचकर मोटा मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं। ऊपर से इसे रोकने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई, जुर्माने तथा दंड अथवा लाइसेंस कैंसिल होने का कोई डर न रहने के चलते शायद ही कोई सब्जी, फल विक्रेता अपनी दुकान में इनके दामों को प्रदर्शित करने वाला बोर्ड लगाने की जहमत उठाता होगा। त्योहारी सीजन के बीच में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 5.49 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 3.65 प्रतिशत थी। वहीं सितंबर में थोक महंगाई बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंच गई है। महंगाई बढ़े के पीछे खाद्य एवं सब्जियों की कीमतों में वृद्धि मुख्य वजह रही। रिटेल बाजार में खाद्य पदार्थों और सब्जियों के दाम चाहे कितने भी क्यों न बढ़ जाएं, लेकिन किसान वर्ग को इसका फायदा कभी भी नहीं मिलता है। इसके विपरीत जमाखोरों, स्टोरियों द्वारा जमकर खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी की जाती है और बाजार में वस्तुओं का कृत्रिम अभाव पैदा कर महंगाई को बढ़ाकर चोखा मुनाफा कमाया जाता है। लिहाजा आप समझ सकते हैं कि बढ़ती महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीब एवं मध्यम वर्ग को झेलनी पड़ती है। आज संपन्न नागरिकों को भी चाहिए कि वे वस्तुओं के संग्रह की प्रवृत्ति से बचें और महंगाई को दूर करने में सरकार का सहयोग करें। पहले से ही कम वस्तुओं को बेकार और बर्बाद न करें, विशेषकर शादियों, घरेलू कार्यक्रमों और धार्मिक उत्सवों में अन्न और सब्जियों की बर्बादी न करें।

अधिकारियों से उम्मीद है कि वे खाद्य वस्तुओं, विशेषकर फल, सब्जियों की उपलब्धता पर नजर रखने के साथ-साथ उनके दामों को नियंत्रण में रखते हुए सब्जी विक्रेताओं को प्रतिदिन के भावों को लिखकर बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिए कहेंगे, ताकि गरीब एवं सामान्य जनता को उनके हाथों से लुटने से बचाया जा सके। इस बात से सभी भली-भांति परिचित हो हैं कि आम आदमी तक खाद्य सामग्री पहुंचने से पहले दलालों, बिचौलियों और आढ़तियों की जेबें गर्म हो चुकी होती हैं जबकि किसानों को कभी भी उनके उत्पादों के सही दाम नहीं मिलते हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन को यह पता ही नहीं है कि बाजारों में सब्जियों के दामों और अन्य खाद्य वस्तुओं का क्या हाल है। आज अधिकारी वर्ग अपनी कुर्सियों तक सीमित होकर रह गए हैं। आज से 30-35 वर्ष पूर्व जब कभी भी महंगाई का जिन्न अपना सिर उठाता था तो विपक्षी दलों द्वारा जरूर धरना-प्रदर्शन और विरोध प्रदर्शन की खबरें देखने-सुनने को मिलती थीं।

# देश के रेलवे नेटवर्क में क्यों होते है सिग्नल फेल

हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती है। दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। साल 2019-20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमश: 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए। ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।





प्रियंका सौरभ
लेखक

देश का रेलवे बुनियादी ढांचा विशालतम होने के साथ बेहद पुराना है। इसके पुराने होने की वजह से भी विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। साल 2019-20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए। ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियां गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इनके नियमित रखरखाव की जरूरत होती है। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है।

कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है। कई भारतीय रेलगाड़ियां पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 की ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव-प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी भी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 की बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में छह घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे बचाव कार्यों में देरी हुई।

इन कमियों को दूर करने में कवच प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया है। इसके बाद रेल हादसों में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगता है। दक्षिण-मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें।कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच-संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है। कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34,000 किलोमीटर के उच्च-घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना है। 2024 के रेल बजट में 1, 112.57 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी में से प्रमुख रेलवे गलियारों में कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली का विस्तार होना है। कवच के कार्यान्वयन के बाद बेंगलुरु-चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है।

कवच प्रणाली सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करती है। सिग्नलिंग प्रणालियों को आधुनिक बनाकर, टकरावों को रोककर और ट्रेन परिचालन में सुधार करके, कवच उन कई कमियों को दूर कर सकता है जो दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं। भारत में सुरक्षित रेलयात्रा सुनिश्चित करने के लिए इसके कार्यान्वयन को पूरे नेटवर्क में विस्तारित करना महत्वपूर्ण है।

# बांग्लादेश में हिन्दूओं पर अत्याचार, सख्त कार्रवाई की दरकार

यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है






-ललित गर्ग-
लेखिका

बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें।

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है।

भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुगार्पूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुगार्पूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है।

बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, ‘दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।’ देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ‘भारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अडंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है।’ लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है।

वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर ‘आमार सोनार बांग्ला’ (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है

# न्याय की गांन्धारी की आँखों से पट्टी का हटना सुखद

राकेश अचल

कहते हैं की जो होता है सो अच्छा ही होता है। भारत में न्यायपालिका का प्रतीक चिन्ह आँखों पर पट्टी बंधे हाथ में तलवार लिए एक स्त्री का चित्र था। इसे न्याय की देवी कहा और माना जाता है,क्योंकि न्याय देने का काम शायद देवता नहीं कर पाते हैं। न्याय की देवी की आँखों पर पट्टी शायद इसलिए बंधी गयी होगी ताकि वो नीर-क्षीर विवेक से न्याय कर सके,हाथ में तलवार शायद इसीलिए दी गयी होगी ताकि वो निर्ममता से दंड दे सके,लेकिन अब उसकी आँखों से पट्टी भी हटा दी गयी है और हाथ से तलवार भी छीन ली गयी है। न्याय की देवी के हाथों में उस संविधान की प्रति पकड़ा दी गयी है जो हाल के आम चुनाव में कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी और बाकी का विपक्ष लेकर घूम रहा था। कहते हैं कि न्याय के प्रतीक को बदलने की सारी कवायद के पीछे देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ हैं। उनके निदेशों पर न्याय की देवी में बदलाव कर दिया गया है। न्याय कि देवी कि नयी प्रतिमा सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। पहले जो न्याय की देवी की मूर्ति होती थी. उसमें उनकी दोनों आंखों पर पट्टी बंधी होती थी. साथ ही एक हाथ में तराजू जबकि दूसरे में सजा देने की प्रतीक तलवार होती थी। ये बदलाव हालाँकि सांकेतिक ही है लेकिन है अच्छा। इस फैसले पर मौजूदा सरकार की सोच भी परिलक्षित होती है। आपको याद होगा कि हमारी मौजूदा सरकार को आजकल सब कुछ बदलने का भूत सवार है। शहरों,स्टेशनों के नाम ही नहीं बल्कि अंग्रेजों के जमाने के तमाम कानून भी बदले गए हैं। ऐसे में न्यायपालिका क्यों पीछे रहे? इसीलिए अब भारतीय न्यायपालिका ने भी ब्रिटिश काल को पीछे छोड़ते हुए नया रंगरूप अपनाना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ना केवल प्रतीक बदला है बल्कि सालों से न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी भी हट गई है। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया है कि अब कानून अंधा नहीं ह। कानून को अंधा होना भी नहीं चाहिए।दुर्भाग्य से देश में आज भी तमाम कानून अंधे हैं।

मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य नयायधीश को ये विचार या प्रेरणा पिछले दिनों गणेशोत्स्व पर प्रधानमंत्री जी के साथ गणेश पूजन के बाद मिली। शुरूआत अच्छी है। हम सब इसका स्वागत करते है। इस समय जिस भी व्यवस्था की आँखों पर पट्टी बंधी हो उसे हटाने की जरूरत है। आँखों पर पट्टी का बंधा होना जहाँ नीर-क्षीर विवेक का प्रतीक माना जाता रहा है वहीं इसे जानबूझकर आअंखें बंद करने का प्रतीक भी माना जाता है। द्वापर में गांधारी ने अपनी आँखों पर पट्टी अपने पति प्रेम के चलते बाँधी थी,लेकिन उसका क्या परिणाम हुआ,पूरी दुनिया जानती है। दुनिया न भी जानती हो, लेकिन भारत का बच्चा-बच्चा जानता है। सुप्रीम कोर्ट के इस नवाचार का हम दिल खोलकर स्वागत करते हैं और चाहते हैं कि अब देश में न्यायप्रणाली की ऑखें न सिर्फ खुलीं हों बल्कि गंगाजल से धुली भी हो। अभी तक भारतीय न्यायपालिका में देश का भरोसा कायम है यद्दिप न्यायपालिका तमाम आधे-अधूरे फैसलों की वजह से संदिग्ध हुई है तथापि उसे अनेक फैसलों की वजह से पूरा सम्मान भी हासिल है। दुर्भाग्य ये है कि इस समय देश में कार्यपालिका हो या विधायिका,सभी की आँखों पार पट्टी और हाथों में तलवार है। पक्षपात की तलवार। अदावत की तलवार। हमारी सरकार के नियनत्रण में सब कुछ है। न्यायपालिका भी,क्योंकि इस अंग की नियुक्ति,वेतन-भत्तों तक की व्यवस्था सरकार करती है। सरकार भी अपनी आँखों पर पट्टी बांधकर काम करती है। वो जिस मंजर को नहीं देखना चाहती उसे नहीं देखती। वो जहाँ तलवार चलाने की जरूरत होती है वहां तलवार को हाथ भी नहीं लगाती और जहाँ तलवार नहीं चलना होती वहां तलवार भी चलाती है और आँखों पर बंधी पट्टी भी हटा लेती है। इस बात के उदाहरण नहीं दूंगा,इसका विश्लेषण आपको भी करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश माननीय चंद्रचूड़ का मानना है कि अंग्रेजी विरासत से अब आगे निकलना चाहिए। कानून कभी अंधा नहीं होता। वो सबको समान रूप से देखता है। इसलिए न्याय की देवी का स्वरूप बदला जाना चाहिए। साथ ही देवी के एक हाथ में तलवार नहीं, बल्कि संविधान होना चाहिए; जिससे समाज में ये संदेश जाए कि वो संविधान के अनुसार न्याय करती हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ साहब का मानना है कि तलवार हिंसा का प्रतीक है। जबकि, अदालतें हिंसा नहीं, बल्कि संवैधानिक कानूनों के तहत इंसाफ करती हैं। दूसरे हाथ में तराजू सही है

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 अक्टूबर, 2024



# परम सुंदरी में नजर आएगी सिद्धार्थ मल्होत्रा जान्हवी कपूर की जोड़ी





मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन ने कथित तौर पर एक फिल्म के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर को अपने साथ जोड़ा है। उनका इरादा फिल्म निर्माता तुषार जलोटा को फिल्म के निर्देशक के रूप में लेकर एक गंभीर थ्रिलर बनाने का था। नवीनतम विकास यह है कि विजान ने स्पष्ट रूप से नए बदलाव किए हैं और एक नई फिल्म की स्थापना की है। उसी निर्देशक और स्टारकास्ट के साथ एक नई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बनाई जाएगी। सिद्धार्थ और जान्हवी की फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तुषार जलोटा मैडॉक फिल्म्स के तहत सिद्धार्थ और जान्हवी की फिल्म का निर्देशन करेंगे। विजान द्वारा एक नई फिल्म के साथ आगे बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि उन्हें और सिद्धार्थ को एहसास हुआ कि स्क्रिप्ट में बॉक्स ऑफिस पर सीमित संभावनाएं थीं। उनका मानना है कि दर्शक अब सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी पर थ्रिलर कंटेंट देखना पसंद करते हैं।

जानकारी के अनुसार, उन्होंने पारस्परिक रूप से फिल्म के पहले विचार को रद्द करने का फैसला किया और तुषार के साथ अन्य कहानी के विचारों की खोज शुरू कर दी। कई योजनाओं पर विचार करने के बाद, उन्होंने एक रोमांटिक कॉमेडी पर विचार किया, जो जान्हवी को भी पसंद आई और वे तुरंत इसमें शामिल हो गईं। यह एक नई स्क्रिप्ट के साथ वही टीम है। हालांकि, इन रिपोर्ट्स की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। परम सुंदरी के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं है।

हालांकि, फिल्म पारिवारिक-केंद्रित रोमांटिक-कॉमेडी के दायरे में आ सकती है। इसमें सिद्धार्थ और जान्हवी शानदार केमिस्ट्री दिखाएंगे। जबकि फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन में है, यह नवंबर या दिसंबर में फ्लोर पर जाएगी।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, सिद्धार्थ को आखिरी बार दिशा पाटनी और राशि खन्ना के साथ योद्धा में देखा गया था। अभिनेता की फिल्म इस साल की शुरुआत में सिल्वर स्क्रीन पर आई थी। उन्होंने रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में भी अभिनय किया। दूसरी ओर, जान्हवी कपूर ने हाल ही में जूनियर एनटीआर के साथ देवरा पार्ट वन में अभिनय किया। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग खत्म करने के बाद वह परम सुंदरी पर काम करना शुरू करेंगी।



## डेडलिफ्ट करने के बाद रकुल को लगी गंभीर चोट?

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। फैंस को इनकी जोड़ी बेहद पसंद है। अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी अपने जिम वीडियोज फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, खबर आई है कि बिना बेल्ट के 80 किलो डेडलिफ्ट करने के बाद रकुल प्रीत सिंह को गंभीर चोट लगी है और अब फैंस को अभिनेत्री का हेल्थ अपडेट भी मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रकुल पिछले कुछ दिनों से बेड रेस्ट कर रही हैं और स्थिति काफी डरावनी हो गई है। यह पांच अक्तूबर की सुबह का मामला है, जब रकुल अपना वर्कआउट कर रही थीं। उन्होंने बेल्ट पहने बिना 80 किलोग्राम का डेडलिफ्ट किया, जिसके कारण उनकी पीठ में ऐंठन और तेज दर्द होने लगा था। हालांकि, अभिनेत्री ने इसे करना जारी रखा, जिसकी वजह से चोट बढ़ गई। चोट के कारण डॉक्टर्स ने रकुल को आराम करने की सलाह दी है। खबरों की मानें को चोट के बावजूद, उन्होंने अपने कमिटमेंट को पूरा करने के लिए लगातार दो दिनों तक दवा लेते हुए दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग जारी रखी। यही नहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि तीन दिनों तक दर्द सहने के बाद, वह फिजियो के पास गईं और हर बार तीन से चार घंटे के बाद दर्द वापस आ जाता। उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट के पास जाना जारी रखा, लेकिन 10 अक्तूबर को उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। हालांकि, अब अभिनेत्री एक बार फिर बेड रेस्ट कर रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल इस समय अपनी आगामी फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग कर रही हैं, जिसमें अजय देवगन और आर माधवन भी शामिल हैं। फैंस फिल्म को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।



## आलिया भट्ट की जिगरा के कारोबार पर सवाल उठा दिव्या खोसला ने लिया करण जौहर से पंगा


बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला इन दिनों सुर्खियों में छाई हुई हैं, जिसका कारण है फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर के साथ चल रहा उनका विवाद। दरअसल, हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जिगरा को लेकर दिव्या और करण जौहर के बीच कोल्ड वॉर शुरू हो चुकी है, जो दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। दिव्या के निशाने पर करण के साथ-साथ आलिया भट्ट भी हैं, जो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। दरअसल, हाल ही में दिव्या ने 'जिगरा' की कहानी उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सावि' से मिलती-जुलती बताई थी। इसके साथ खाली थिएटर की तस्वीर साझा कर आलिया पर 'जिगरा' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में हेराफेरी करने का भी आरोप लगाया था। इसके के बाद से करण जौहर और दिव्या खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। दोनों के बीच जुबानी जंग तीखी हो चुकी है और दिव्या शांत होने के मूड में नहीं हैं, बल्कि तीखे तेवर और शब्दों के वार से लगातार करण जौहर पर हमले कर रही हैं। यह पहली बार नहीं है, जब दिव्या ने खुलकर तीखे तेवर दिखाए हैं, इससे पहले भी वे कई मुद्दों पर अपनी राय रख चुकी हैं। अभिनेत्री आखिरी बार फिल्म सावि में नजर आई थीं, जिसने दमदार सफलता हासिल की। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म नंबर वन भी बनी थी। इस फिल्म में सावि अपने पति को बचाने के लिए मिशन पर निकलती है। इसी कारण फिल्म की कहानी जिगरा के साथ मिलती है, जिसमें आलिया अपने भाई वेदांग को बचाने के लिए मिशन पर निकलती हैं। ऐसे में अब दिव्या ने दावा ठोका है कि सावि की कहानी जिगरा के निर्माताओं ने चुराई है और इसके कलेक्शन भी झूठे हैं। इस पर करण जौहर और दिव्या दोनों ही सोशल मीडिया पर तीखी बहस कर रहे हैं।

## देवरा पार्ट 1 की सफलता देख गदगद हुए जूनियर एनटीआर, फिल्म की टीम और फैंस के लिए लिखा भावुक नोट

देवरा पार्ट 1 को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर अपने कदम जमाए हुई है। इसने दुनिया भर में 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। फिल्म की इस सफलता को देखते हुए जूनियर एनटीआर ने खुशी जाहिर की है। साथ ही उन्होंने अपनी टीम और अपने सभी प्रशंसकों को धन्यवाद नोट लिखा है। देवरा छह साल के लंबे अंतराल के बाद जूनियर एनटीआर की एकल रिलीज है और उन पर अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत दबाव था। फिल्म का प्री-रिलीज बिजनेस भी काफी ज्यादा था, क्योंकि देवरा को तेलुगु राज्यों में कम से कम 125 करोड़ रुपये कमाने थे, जो कि एक बहुत बड़ा काम है, लेकिन देवरा ने शानदार प्रदर्शन किया और हिट बन गई। उन्होंने बताया कि देवरा पार्ट 1 को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए उनका दिल बहुत आभारी है और इस फिल्म के लिए उनके दिल में एक खास जगह है। उन्होंने बताया कि वैश्विक प्यार और प्रशंसा ने सफलता को और भी सार्थक बना दिया है। जूनियर एनटीआर ने अपने सह-कलाकारों सैफ अली खान, जान्हवी कपूर, प्रकाश राज, श्रीकांत और अन्य को उनके किरदारों को जीवंत करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहानी को जीवंत बनाने में उनके विजन और नेतृत्व के लिए निर्देशक कोरटाला शिवा को भी विशेष धन्यवाद दिया।




## बजट के चलते वरुण धवन ने गंवा दी एक्शन फिल्म



वरुण धवन अपनी आगामी फिल्मों में एक्शन अवतार में नजर आएंगे। हाल ही में उनकी फिल्म 'सिटाडेल- हनी बनी' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान अभिनेता ने याद किया कि फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा ने बजट की कमी के कारण उन्हें एक्शन फिल्म में लेने से मना कर दिया था। वरुण ने यह भी बताया कि केवल दक्षिण भारतीय ही एक्शन शैली में उनकी क्षमता को पहचान रहे थे। वरुण धवन ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान कहा, 'अभी, मुझे लगता है कि केवल दक्षिण भारतीय ही मुझे नोटिस कर रहे हैं और मुझे एक्शन में बेहतरीन अवसर दे रहे हैं।' वरुण 'सिटाडेल- हनी बनी' में राज एंड डीके और अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु के साथ काम कर रहे हैं, जिसके बाद वह एटली और कीर्ति सुरेश के साथ 'बेबी जॉन' के लिए कमर कस लेंगे। वरुण धवन को उम्मीद है कि इंडस्ट्री के अन्य लोग भी उन्हें नोटिस करेंगे।

### एक्शन फिल्म के लिए आदित्य से किया था संपर्क

वरुण ने बातचीत के दौरान कहा कि वह आदित्य चोपड़ा से लगातार संपर्क में रहे और उन्होंने उनसे कहा, मैं ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि मैं अभी आपको वह बजट नहीं दे सकता। आप उस स्थिति में नहीं हैं कि मैं आपको इतना बड़ा बजट दे सकूं। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्होंने चोपड़ा को मैसेज करके पूछा कि बजट क्या है? वरुण ने कहा कि जवाब में उन्हें एक ऐसा आंकड़ा मिला जो एक बड़ी एक्शन फिल्म बनाने के लिए जरूरी था।



## मेरे भीतर का एक्टर अच्छे काम के लिए बेचैन है, आने वाला समय और बेहतर होगा

एक्टर विनीत कुमार सिंह इस वक्त अपनी फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को लेकर चर्चा में हैं। विनीत कुमार ने बातचीत में अपनी इस फिल्म से लेकर आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से बात की

**आपकी फिल्में हमेशा ही फेस्टिवल फेवरेट रही हैं। गैंग्स ऑफ वासेपुर को कान में सराहा गया था, मुक्काबाज को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और अब सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को भी खूब वाहवाही मिली। इस फिल्म का पूरा अनुभव कैसा रहा?**

बहुत ही अच्छा अनुभव रहा। आपने सही कहा, फिल्म फेस्टिवल्स की मेरी जिंदगी और फिल्मों में बहुत अहम जगह रही है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का वर्ल्ड प्रीमियर था, जहां पूरा शो हाउसफुल था। साथ ही इसे बहुत ही लंबा स्टैंडिंग ओवेशन मिला। काफी देर तक लोगों की तालियां बजती रहीं इस फिल्म का हिस्सा बनना भी मेरे लिए बहुत खास है। मैंनेफिल्म की डायरेक्टर रीमा कागती के साथ फिल्म गोल्ड की थी तो हमारी एक अच्छी बॉन्डिंग थी।

**आपसे बात करते वक्त ऐसा लगता है कि आपके भीतर का जो ऐक्टर है, वह बेचैन है। मैं कितनी सही या गलत हूं? अगर हां तो क्यों?**

आप बिल्कुल सही हैं। जैसे, डॉक्टर मरीज का मर्ज पकड़ता है ना, वैसे ही आपने भी बिल्कुल सही फीलिंग्स पकड़ी हैं। हां, मैं बेचैन हूं। उसकी वजह यह है कि मैं बेहतर काम करना चाहता हूं। अच्छी फिल्मों में अच्छे रोल करना चाहता हूं। अच्छे डायरेक्टर और प्रड्यूसर्स के साथ काम करना चाहता हूं तो यह बेचैनी मुझे रहती है।

**काम मांगने में बेशर्म हूं**

मैं खोजता रहता हूं कि कुछ बेहतर कहानियां, बढ़िया फिल्में मुझे मिल जाएं, क्योंकि यह मेरे हाथ में नहीं है कि जिस डायरेक्टर के साथ मैं काम करना चाहता हूं, वो भी मेरे साथ काम करना चाहते हों। हालांकि, मैं डायरेक्टर्स को अप्रोच करने से भी नहीं हिचकता। इस मामले में मैं बेशर्म हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि अगर मैं कहूंगा नहीं कि मुझे आपके साथ काम करना है तो उन्हें मेरी फीलिंग्स पता कैसे चलेगी।

**अनुराग कश्यप के साथ आपकी एक खास बॉन्डिंग रही है। उनके साथ काफी समय से आपने कोई काम नहीं किया। ऐसा क्यों?**

हम लोग साथ में एक फिल्म कर रहे हैं। उसका एक शेड्यूल मैं कर चुका हूं। जैसे आपने कहा, बिल्कुल अनुराग सर का मेरे जीवन और करियर को मोड़ने में बहुत बड़ा हाथ है। मैं साल 2009-10 में मामी फिल्म फेस्टिवल में पहली बार उनसे मिला था। उससे पहले मैंने 8-9 साल तक बहुत कोशिश की, पर मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन मामी फिल्म फेस्टिवल में अनुराग सर से मुलाकात हुई।

**आपने कहा कि आप लगातार शूट कर रहे थे तो आने वाले समय में किन किन प्रोजेक्ट्स में दिखेंगे?**

जैसे मैंने बताया, अनुराग सर के साथ एक फिल्म कर रहा हूं। उसके बारे में अभी ज्यादा नहीं बोल सकता। एक कबीर खान सर का शो है, रंगीन। उसके अलावा, पुष्पा के जो मेकर्स हैं, उनके साथ एक फिल्म कर रहा हूं। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव है। वहीं, सनी देओल सर के साथ एक हाई ऑक्टेन एक्शन फिल्म कर रहा हूं। इनके अलावा, विक्की कौशल के साथ फिल्म छावा है।

## रश्मिका मंदाना साइबर क्राइम के खिलाफ करेंगी जागरूक, बनाई गईं राष्ट्रीय राजदूत



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को हाल ही में आई 4सी का राजदूत बनाया गया है। अभिनेत्री अब साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी। रश्मिका मंदाना को अब साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय राजदूत नियुक्त किया गया है। पिछले कुछ महीनों में बॉलीवुड की कई हस्तियां डीपफेक का शिकार हुईं। इस लिस्ट में रश्मिका मंदाना का भी नाम शामिल है। अब अभिनेत्री साइबर अपराध के खतरों के बारे में अधिकतम जागरूकता बढ़ाने और ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखेंगी। अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है।




# फैबइंडिया के शानदार होम डेकोर आइटमों के साथ अपने घर को सजाएं

**मुंबई, एजेंसी।** मल्टी ब्रास नीरा प्लेटर एमआरपी रु5999, दीवाली के लिए परफेक्ट, ब्रास का यह प्लेटर आपके घर की भव्यता को एक नया अहसास देगा। चाहे आपको त्योहारों में मिठाइयाँ परोसनी हों, सजावटी कैंडल्स लगानी हों, या इसे सेंटरपीस के रूप में इस्तेमाल करना हो, इसकी शानदार डीटेलिंग और चमकदार फिनिश आपके घर की सजावट में चार-चांद लगा देगी। यह हर किसी का ध्यान आकर्षित करेगा। फरहाट फ्यूमर गिफ्ट सेट- एमआरपी रु2999, उच्च गुणवत्ता वाले ब्रास (पीतल) से बना यह डिफ्यूज़र अनूठे विंटेज डिज़ाइन में आता है। इसके साथ आकर्षक गिफ्ट बॉक्स भी है, जिससे यह त्योहारों में आपके प्रियजनों और दोस्तों को उपहार देने के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन जाता है। एमआरपी रु1299, यह शानदार पीस एंटीक ब्रास फिनिश और बेहतरीन डिज़ाइन के साथ दीवाली के जश्न को और भी जगमग कर देगा। इसे आप लिविंग रूम, पूजा के कमरे या घर के किसी भी कोने में सजा सकते हैं।

**ब्रास वुड क्लैडेड कंचन टेबल प्लांटर-स्मॉल :** एमआरपी रु1999, ब्रास (पीतल) और वुड फिनिश से बना यह स्मॉल प्लांटर दीवाली के दौरान आपके लिविंग स्पेस में हरियाली और आकर्षण लाएगा। इसका चिक और मिनिमल डिज़ाइन किसी भी प्रकार की सजावट के साथ बेहद खूबसूरत लगेगा।

**ब्राउन मैटल गुलमोहर कटवर्क लैंटर्नः** एमआरपी रु1699, अपने घर को इस भव्य लैंटर्न के साथ जगमगाएं। बेहतरीन जाली कटवर्क और एंटीक फिनिश के साथ, यह आपके घर की सजावट में चार-चांद लगा देगा। रेड कॉटन गुलज़ार प्रिंटेड बेड कवर-डबलः एमआरपी रु 2899 ,यह कॉटन बेड कवर अपने शानदार प्रिंटेड डिज़ाइन के साथ आपके डबल बेड को आकर्षक अहसास देगा। इसका वाइब्रेंट पैटर्न आपके बेडरूम के माहौल को खुशनुमा और उत्सवपूर्ण बना देगा।

# सैमसंग ने गैलेक्सी इकोसिस्टम का विस्तार किया, भारत में गैलेक्सी रिंग कीप्री-रिजर्व बुकिंग शुरू

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी रिंग की प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। गैलेक्सी रिंग एक पारंपरिक अंगूठी की तरह आराम से उंगली में फिट हो जाती है, लेकिन इसमें गैलेक्सी की अत्याधुनिक तकनीक और सेंसर लगे हुए हैं, जो एक अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं। गैलेक्सी रिंगको टिकाऊ बनाने के लिए इसमें टाइटेनियम फिनिश दिया गया है और यह पानी और धूल से बचाने के लिए आईपी68 रेटिंग के साथ आती है। इसे 100 मीटर गहरे पानी में भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे यह हर परिस्थिति में बेहतरीन प्रदर्शन करती है। ग्राहक सैमसंग डाट काम, चुनिंदा रिटेल स्टोर्स, अमेजन डाट इन और फ्लिपकार्ट डाट काम पर सिर्फ 1999 रुपये की टोकन राशि के साथ इसे प्री-बुक कर सकते हैं। इस दौरान गैलेक्सी रिंग को प्री-बुक करने वाले ग्राहकों को 4999 रुपये का एक मुफ्त वायरलेस चार्जर डुओ मिलेगा। गैलेक्सी रिंग, पहनने योग्य डिवाइसों की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू कर रही है। इसमें ऐसी तकनीक है जो यूजर्स को उनके स्वास्थ्य और शरीर के बारे में आसानी से जानकारी देती है। यह रिंग आकर्षक डिज़ाइन के साथ अत्याधुनिक ट्रैकिंग फीचर्स को मिलाकर बनाई गई है और 9 अलग-अलग साइज़ (साइज़ 5 से 13 तक) में उपलब्ध होगी। उन यूजर्स के लिए जो शानदार कनेक्टिविटी और वेलनेस मॉनीटरिंग चाहते हैं, सैमसंग इंडिया एक साइज़िंग किट का विकल्प दे रहा है, ताकि ग्राहक अपनी गैलेक्सी रिंग खरीदने से पहले सही फिट का चुनाव कर सकें। गैलेक्सी रिंग का वजन सिर्फ 2.3 ग्राम (साइज़ 5 के लिए) और चौड़ाई 7.0 मिमी है, जो इसे बेहद हल्का और कॉम्पैक्ट बनाता है। इसे दिन और रात दोनों समय आराम से पहनने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी बैटरी 7 दिनों तक चलती है, जो इसे व्यस्त जीवनशैली के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

## 2035 तक 168 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी देश की सबसे युवा पीढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की जेनरेशन जेड यानी 1997 से 2012 के बीच जन्मी सबसे युवा पीढ़ी अपने खर्च के जरिये खपत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 2035 तक यह आबादी 2 लाख करोड़ डॉलर (करीब 168 लाख करोड़ रुपये) खर्च करेगी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था के लिएमहत्वपूर्ण खपत में और तेजी आएगी। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और स्नैपचैट की पैरेंट कंपनी स्नैप इंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की जेनरेशन जेड आबादी 37.7 करोड़ से अधिक है। यह देश में रहने वाली अब तक की सबसे बड़ी पीढ़ी है। इनका सामूहिक खर्च 860 अरब डॉलर है, जो भारत की कुल खपत का करीब 43 फीसदी है।




रिपोर्ट में कहा गया है कि 860 अरब डॉलर में से करीब 200 अरब डॉलर यह आबादी खुद खर्च करती है। बाकी 660 अरब डॉलर का खर्च इनकी सिफारिशों या प्राथमिकताओं से प्रभावित होकर दूसरे लोग खरीदारी पर करते हैं। जेनरेशन जेड आबादी के खर्च के रुझान से पता चलता है कि 2035 तक यह 2 लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा।

## रिलायंस के निवेशकों को दिवाली गिफ्ट, बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों को बोनस शेयर देने का रास्ता साफ हो गया है। कंपनी के बोनस शेयर पाने के लिए पात्रता रखने वाले शेयरधारकों का निर्धारण करने के लिए 28 अक्टूबर 2024 रिकॉर्ड डेट तय की गई है। जिन निवेशकों के डीमैट खाते में उपरोक्त तारीख को रिलायंस के शेयर होंगे उन्हें एक शेयर के अनुपात में एक शेयर बोनस के रूप में मिलेगा।




इस वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही के थोड़े कमजोर नतीजों के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट रही। हालांकि, बुधवार को आरआईएल 0.79 पर्सेंट ऊपर 2709.40 रुपये पर बंद हुआ। पिछले 5 दिनों में शेयर करीब डेढ़ पर्सेंट टूट चुका है। दूसरी ओर अगर मुकेश अंबानी की इस कंपनी के शेयरों के पिछले एक महीने के प्रदर्शन की बात करें तो ये 8 फीसद टूट चुके हैं। इसका 52 हफ्तों का हाई 3217.60 रुपये और लो 2220.30 रुपये है।

## रिलायंस के शेयरों पर एक्सपर्ट्स बुलिश

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने आरआईएल पर अपनी एडीडी रेटिंग के साथ 3,350 रुपये का टार्गेट प्राइस रखा है। दूसरी ओर नोमुरा ने आरआईएल को 3,450 रुपये के टार्गेट प्राइस के साथ बाय रेटिंग दी है। वहीं, सीएलएसए ने 3,300 रुपये के लक्ष्य के साथ स्टॉक पर अपनी आउटपरफॉर्म रेटिंग बनाए रखी है। एक और फर्म यूबीएस ने आरआईएल पर 3,250 रुपये के लक्ष्य के साथ सिफारिश को बरकरार रखा है। वहीं, जेपी मॉर्गन का टार्गेट प्राइस 3,125 रुपये के लक्ष्य के साथ अपने ओवरवेट रेटिंग को बनाए रखा।

# दो बहनों ने एक कमरे से शुरू किया काम, अब 3500 करोड़ का साम्राज्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केनाज और टीना मेसमान बहनें हैं। उनकी जोड़ी लोगों के लिए मिसाल बन गई है। उन्होंने मिलकर देश में अपना बेकरी बिजनेस खड़ा किया है।

यह बिजनेस अब 3,500 करोड़ रुपये का हो गया है। उनका थिओब्रोमा भारत के मशहूर बेकरी ब्रांडों में से एक है। यह दोनों बहनों की मेहनत और लगन का नतीजा है। 2004 में मुंबई के एक छोटे से कमरे से शुरू हुई यह बेकरी अब देशभर में 225 से ज्यादा आउटलेट्स के साथ मौजूद है। आइए, यहां केनाज और टीना की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**छोटे से कमरे से हुई थी शुरुआत** - केनाज और टीना मायानगरी मुंबई से ताल्लुक रखती हैं। दोनों बहनों ने 2004 में मुंबई के एक छोटे से कमरे से बेकरी शुरू की थी। इसका नाम थिओब्रोमा है। यह देश के सबसे प्रसिद्ध बेकरी ब्रांडों में से एक है। थिओब्रोमा बेकरी अब देशभर में 225 से अधिक आउटलेट्स तक फैल गई है। केनाज और टीना मेसमैन ने बिना किसी बड़े बिजनेस प्लान के सिर्फ अपने पैशन के दम पर यह सफर तय किया।

### ऐसे शुरू हुआ था सफर

थिओब्रोमा का सफर 2004 में तब शुरू हुआ जब केनाज को पीठ में चोट के कारण अपनी नौकरी छोड़नी पड़ी थी। वह एक पेस्ट्री शेफ के रूप में काम कर रही थीं। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद थिओब्रोमा देशभर में एक जाना-पहचाना नाम बन गई है। केनाज मेसमान और टीना मेसमान इस ब्रांड के पीछे की ताकत हैं। लंदन के ले कॉर्डन ब्ल्यू से प्रशिक्षित केनाज ने बेकरी शुरू करने से पहले ओबेरॉय उदयविलास में काम किया। हालांकि, बहनों के पास बेकिंग का अच्छा अनुभव था। लेकिन, बेकरी शुरू करने के लिए पूंजी जुटाना एक बड़ी चुनौती थी। तब उनके पिता ने आगे आकर 1.5 करोड़ रुपये की शुरुआती पूंजी लगाई। उनकी शुरुआत पूरी तरह से शून्य से नहीं थी, क्योंकि वे पहले से ही घर पर बेकिंग कर रही थीं। वे इसे अगले स्तर पर ले जाना चाहती थीं।

### नाम का चुनाव दलिचस्प था

बहनों का पहला आउटलेट 2004 में दशहरा के दिन मुंबई के कोलाबा में खुला। बेकरी के लिए नाम चुनना भी दिलचस्प था। एक दोस्त ने उन्हें थिओब्रोमा नाम सुझाया। यह ग्रीक शब्दों थिओस (ईश्वर) और ब्रोमा (भोजन) से लिया गया है। इसका मतलब है देवताओं का भोजन। उस समय भारत का बेकरी उद्योग अपने शुरुआती चरण में था। केनाज और टीना ने मुंबई के युवा वर्ग को यूरोपीय शैली के ब्राउनी और डेसर्ट पेश करके अपने लिए खास जगह बनाई। उन्होंने प्रीमियम सामग्री पर फोकस किया और लग्जरी बेक्ड गुड्स को आसानी से उपलब्ध कराया। क्वालिटी बनाए रखना महंगा था। इसके कारण उन्हें 2014 में पहली बार 5 करोड़ रुपये का कर्ज भी लेना पड़ा। इससे वे अपने सिंगल आउटलेट से आगे बढ़ सकीं।

**अब 3500 करोड़ का वैल्यूएशन** - मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, थिओब्रोमा को जल्द ही 3,500 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर अधिग्रहित किया जा सकता है।

## छंटनी की लहर जारी, अब एयरबस में हजारों कर्मचारियों की जाएगी नौकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एविएशन सेक्टर में छंटनी की लहर जारी है और अब एयरबस भी छंटनी के रास्ते पर आगे बढ़ गई है। कंपनी ने भी करीब 2,500 कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है। कंपनी ने डिफेंस और स्पेस डिवीजन पर यह गाज गिराने का फैसला किया है। इन डिवीजन में करीब 35 हजार कर्मचारी काम करते हैं। कंपनी का कहना है कि बढ़ती लागत और डिफेंस प्रोजेक्ट में होने वाली देरी के चलते यह कड़ा फैसला लेना पड़ रहा है। एयरबस की मुख्य प्रतिद्वंदी बोइंग पहले ही बड़ी छंटनी का ऐलान कर चुकी है।



**स्पेस डिवीजन पर पड़ेगा सबसे बुरा असर** - एयरबस एक दिग्गज विमान निर्माता यूरोपीय कंपनी है। एएफपी और ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि स्पेस डिवीजन पर इस फैसले का सबसे ज्यादा असर पड़ने वाला है। इसमें फाइटर एयरक्राफ्ट और साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशंस भी शामिल हैं। फिलहाल इस बारे में एयरबस ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, स्पेस सेक्टर में अपने कार्यक्रमों पर एयरबस करीब 98 करोड़ डॉलर खर्च कर रही है। इन प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में अब कंपनी को दिक्कत आ रही है। ऐसे में रीस्ट्रक्चरिंग समेत सभी ऑप्शन पर ध्यान दिया जा रहा है।

### बोइंग से निकाले जाएंगे 17 हजार कर्मचारी

रिपोर्ट के अनुसार, एयरबस इस छंटनी को लेकर कर्मचारी यूनियन से भी वार्ता कर रही है। एयरबस को यात्री एवं मालवाहक विमानों के लिए जाना जाता है। हालांकि, इसके डिफेंस, स्पेस और हेलीकॉप्टर डिवीजन भी हैं। हाल ही में बोइंग ने अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स में 10 फीसदी की कटौती करने का ऐलान किया था। इसके चलते करीब 17 हजार कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। कंपनी को हड़ताल के चलते भारी नुकसान झेलना पड़ा है। कंपनी के कर्मचारी बेहतर सैलरी और पेंशन की डिमांड के चलते हड़ताल कर रहे हैं। इसके अलावा कंपनी पहले ही अपने विमानों की क्वालिटी से जुड़े गंभीर आरोपों को झेल रही है।

# चीन भारत के शीर्ष आयात स्रोत के रूप में उभरा

- पहली छमाही में 56.29 अरब का आयात चीन से
- इस दौरान सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट अमेरिका को हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और चीन के बीच लंबे समय से सीमा पर तनातनी है लेकिन इसका दोनों देशों के व्यापार पर कोई असर नहीं पड़ा है। चीन इस साल अप्रैल-सितंबर के दौरान भारत के शीर्ष आयात स्रोत के रूप में उभरा है। इस दौरान कुल 56.29 अरब डॉलर मूल्य का आयात चीन से हुआ है। इसी अवधि में अमेरिका देश के लिए शीर्ष निर्यात गंतव्य के रूप में उभरा है। अमेरिका को निर्यात 5.62 प्रतिशत बढ़कर 40.38 अरब डॉलर हो गया। चालू



वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान चीन से आयात 11.5 प्रतिशत बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि में आयात 50.48 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में भारत में होने वाले आयात के शीर्ष 10 स्रोत चीन, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इराक, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर रहे। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान रूस से आयात बढ़कर 32.18 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 30.43 अरब डॉलर था। इसी तरह, यूएई से होने वाला आयात आलोच्य अवधि में बढ़कर 31.46 अरब डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 20.70 अरब डॉलर था।

### चीन को एक्सपोर्ट

इस अवधि के दौरान, देश के शीर्ष 10 निर्यात गंतव्य अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, ब्रिटेन, चीन, सिंगापुर, सऊदी अरब, बांग्लादेश, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका रहे। यूएई को निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान बढ़कर 17.24 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 15.47 अरब डॉलर था। इसी तरह, चीन को निर्यात आलोच्य अवधि में बढ़कर 6.91 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले 2023-24 में अप्रैल-सितंबर के दौरान 7.63 अरब डॉलर था। अमेरिका 2023-24 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। उसके बाद चीन का स्थान था। चीन 2013-14 से 2017-18 और 2020-21 में भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार था। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात देश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। 2021-22 और 2022-23 में अमेरिका सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था।

# दुनिया के सबसे ताकतवर शख्स के साथ मिलकर लोन बांटेंगे मुकेश अंबानी!

- प्राइवेट क्रेडिट वेंचर स्थापित के लिए चल रही बातचीत
- एसेट मैनेजमेंट और स्टॉक ब्रोकिंग में पहले से हैं साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर कंपनी ब्लैकरॉक इंक भारत में मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर एक प्राइवेट क्रेडिट वेंचर स्थापित करने के लिए बातचीत कर रही है। इसका उद्देश्य भारत में डायरेक्ट लेंडिंग के बढ़ रहे अवसरों का फायदा उठाना है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। इसमें दोनों कंपनियों की 50-50 फीसदी हिस्सेदारी होगी और यह बड़ी कंपनियों से लेकर स्टार्टअप को लोन देगी। अगर यह डील आगे बढ़ती है तो यह रिलायंस और अमेरिका की ब्लैकरॉक के बीच तीसरा वेंचर होगा। इससे पहले दोनों कंपनियां एसेट मैनेजमेंट और स्टॉक ब्रोकिंग बिजनस में हाथ मिला चुकी हैं।

एशिया में प्राइवेट क्रेडिट के लिए भारत एक ब्राइट स्पॉट है। अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट, सेर्बेरस कैपिटल मैनेजमेंट एलपी और वर्डे पार्टनर्स जैसी





ग्लोबल कंपनियां भारत में अपने ऑपरेशन का तेजी से विस्तार कर रही हैं। इसकी वजह यह है कि देश में लोकल कंपनियों की फंड की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। श्रङ्ख की एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 की पहली छमाही में भारत में प्राइवेट क्रेडिट इनवेस्टमेंट रेकॉर्ड 6 अरब तक पहुंच गया है।

**भारत में बड़ा दांव-** सूत्रों ने कहा कि इस वेंचर पर अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है और कंपनियां अभी भी साझेदारी को आगे न बढ़ाने का फैसला कर सकती हैं। ब्लैकरॉक और जियो फाइनेंशियल के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से ग्लोबल स्तर पर प्राइवेट क्रेडिट का बाजार 1.7 ट्रिलियन पहुंच चुका है। यही वजह है कि ब्लैकस्टोन इंक जैसी कंपनियां भारत में बड़ा दांव खेल रही हैं। ब्लैकरॉक की एपीएसी प्राइवेट क्रेडिट की प्रमुख सेलिया यान ने पिछले महीने कहा था कि भारत में छोटी-बड़ी कंपनियों को क्रेडिट देने का मौका हैं। जियो फाइनेंशियल की कमान अनुभवी बैंकर के.वी. कामथ के हाथ में है। यह कंपनी पहले से ही एक शैडो बैंक चलाती है जो म्यूचुअल फंड निवेश के अगेंस्ट होम मॉर्टगेज और क्रेडिट देता है। इस साल की शुरुआत में, ब्लैकरॉक ने भारत में अपने प्राइवेट क्रेडिट बिजनस को लीड करने के लिए महेश्वर नटराज को नियुक्त किया था।

### कौन हैं लैरी फिंक

ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान माना जाता है। इसकी वजह ब्लैकरॉक 10 ट्रिलियन से ज्यादा एसेट मैनेज करती है। यह भारत की जीडीपी का करीब ढाई गुना और अमेरिका की जीडीपी का आधा है। ब्लैकरॉक की हैसियत का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि दुनिया के कुल शेयरों और बॉन्ड्स का 10 प्रतिशत यही कंपनी संभालती है।

# बेंगलुरु में रोहित सेना का शर्मनाक रिकॉर्ड

## 5 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता, भारत 46 रनों पर ढेर

- 9 बल्लेबाज ऐसे रहे जो दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके, जबकि 5 शून्य पर आउट हुए
- आंकड़ों पर ध्यान दें तो यह भारत का अपनी सरजमीं पर सबसे शर्मनाक प्रदर्शन है




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए आज किसी बुरे सपने की तरह रहा। उसे बेंगलुरु टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में न्यूजीलैंड ने सिर्फ 46 रनों पर ढेर कर दिया है। यह उसका भारत में खेले गए किसी भी टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर है, जबकि ओवर ऑल तीसरा सबसे छोटा स्कोर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने लंच तक छह विकेट 34 रन पर गंवा दिए थे, जबकि इसके बाद पंत आउट हुए और फिर टीम लगातार विकेट गंवाती रही। रोचक बात यह है कि न्यूजीलैंड ने इस पारी में सिर्फ 3 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और तीनों ही तेज गेंदबाज थे।

इससे पहले मैच के ऑफिशल दूसरे दिन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो उनकी टीम के लिए सबसे बुरा साबित हुआ। ओवरकास्ट कंडीशन में कीवी गेंदबाजों ने पहले ही घंटे में भारत के शीर्षक्रम की धज्जियां उड़ा दी। बारिश रूकने के बाद खेल शुरू होने पर यशस्वी जायसवाल (13) का विकेट भारत ने गंवाया। रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने पवेलियन भेजा जबकि युवा विलियम ओ राउरकी ने विराट कोहली (0) का विकेट लिया। सरफराज खान (0) तीन गेंद और केएल राहुल ((0) छह गेंद तक टिक सके। रविंद्र जडेजा खाता खोले बिना लौट गए।

भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा स्कोर ऋषभ पंत के नाम है। उन्होंने 49 गेंदों में 20 रन बनाए, जबकि 2 चौके उनके बल्ले से निकले। उनके अलावा दहाई का आंकड़ा पार करने वाले यशस्वी जायसवाल दूसरे बल्लेबाज रहे। उन्होंने सिर्फ 13 रन बनाए। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 15 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि विलियम आ राऊरके ने 22 रन देकर 4 विकेट झटके।

**भारत के 5 बल्लेबाज खाता ही नहीं खोल सके** - भारतीय पारी में 5 बल्लेबाज ऐसे रहे, जो खाता ही नहीं खोल सके। किकेट के किंग कहे जाने वाले विराट कोहली शून्य पर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे, जबकि सरफराज खान, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन भी बिना स्कोर किए पवेलियन लौट गए। विराट को विलियम ओ राउरकी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया, जबकि उन्हीं की गेंद पर केएल राहुल को टॉम ब्लंडेल ने कैच किया। रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को दो लगातार गेंदों पर मैट हेनरी ने आउट किया।

### न्यूजीलैंड के तीन विकेट पर 154 रन थे

न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (5) और विलियम ओरोर्के (4) की शानदार गेंदबाजी के कारण भारत पहले टेस्ट की पहली पारी में 46 रन पर ढेर हो गया। न्यूजीलैंड ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी की शानदार शुरूआत की और पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 154 रन बना लिए थे। इससे न्यूजीलैंड ने पहली पारी में भारत पर 99 रन की बढ़त बना ली है।

### भारतीय टीम का टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर-टॉप-10

**भारत में**

- न्यूजीलैंड के खिलाफ 31.2 ओवर में 46 रन, बेंगलुरू 2024
- वेस्टइंडीज के खिलाफ 30.4 ओवर में 75 रन, दिल्ली 1987
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में 76 रन, अहमदाबाद 2008
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 ओवर में 83 रन, मोहाली 1999
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 33.3 ओवर में 88 रन, मुंबई 1965

**विदेश में**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.2 ओवर में 36 रन, एडीलेड 2020
- इंग्लैंड के खिलाफ 17 ओवर में 42 रन , लॉडर्स 1974
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.3 ओवर में 58 रन, ब्रिसबेन 1947
- इंग्लैंड के खिलाफ 21.4 ओवर में 58 रन, मैनचेस्टर 1952
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 34.1 ओवर में 66 रन, डरबन 1996

# सनराइजर्स हैदराबाद इन प्लेयर्स को रिटेन करेगा, लिस्ट में दो विदेशी और एक भारतीय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 सत्र से पहले हेनरिक क्लासेन को अपने प्राथमिक रिटेंशन के रूप में चुना है। रिपोर्ट के अनुसार क्लासेन को पहले रिटेन किए गए खिलाड़ी के रूप में 23 करोड़ रुपए (लगभग 2.74 मिलियन) मिलेंगे। फ्रैंचाइजी ने 2024 में स्त्रा की कप्तानी करने वाले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पैट कमिंस के लिए 18 करोड़ रुपए (लगभग स्2.14 मिलियन) और भारतीय ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा के लिए 14 करोड़ रुपए (लगभग .1.67



मिलियन) पर रिटेंशन डील की भी पुष्टि की है।

इंडियन प्रीमियर लीग ने हाल ही में यह निर्धारित किया है कि फ्रैंचाइजी अपने 2024 स्क्वॉड से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं जिसमें अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय या विदेशी) और दो अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। नीलामी के दौरान फ्रेंचाइजी अपने खिलाड़ियों को बनाए रखने के लिए रिटेंशन डील और राइट-टू-मैच कार्ड का इस्तेमाल कर सकती हैं।

2025 की नीलामी के लिए 120 करोड़ रुपए निर्धारित है। आईपीएल ने पहले तीन कैप्ड रिटेंशन के लिए 18 करोड़ रुपए, 14 करोड़ रुपए और 11 करोड़ रुपए और अगले दो के लिए 18 करोड़ रुपए और 14 करोड़ रुपए के रिटेंशन स्लैब स्थापित किए हैं। अनकैप्ड भारतीय अधिकतम 4 करोड़ रुपए प्राप्त कर सकते हैं। फ्रेंचाइजी अपने पांच कैप्ड खिलाड़ियों के बीच 75 करोड़ रुपए के कैप्ड रिटेंशन पॉट को अपनी इच्छानुसार आवंटित कर सकती हैं।

सफल आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए मुख्य खिलाड़ियों को बनाए रखना एक रणनीति रही है और एसआरएच इसी दृष्टिकोण का पालन करता दिख रहा है। कमिंस 2024 की मिनी-नीलामी में 20.50 करोड़ रुपए (लगभग स्2.47 मिलियन) में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी थे, उनके सहयोग ने एसआरएच को तीन निराशाजनक सीजन के बाद प्लेऑफ में पहुंचाया। आर्थिक रूप से, कमिंस का रिटेंशन उनके 2024 के मूल्य से 12.2 प्रतिशत की कमी को दर्शाता है।

कमिंस और विटोरी के नेतृत्व ने अभिषेक शर्मा और नितीश कुमार रेड्डी जैसे युवाओं को पनपने की स्वतंत्रता प्रदान की। अभिषेक और ट्रैविस हेड ने आईपीएल इतिहास की सबसे जबरदस्त ओपनिंग जोड़ियों में से एक बनाई, दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट बनाए रखी। हेड ने 15 पारियों में 191.55 की स्ट्राइक रेट से 567 रन बनाकर ओवरऑल रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर रहे।

अपनी शक्तिशाली फिनिशिंग के लिए जाने जाते क्लासेन अभिषेक के बाद दूसरे सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी थे। क्लासेन ने 171.07 की स्ट्राइक रेट से 479 रन बनाए। टी20 क्रिकेट में क्लासेन के असाधारण प्रदर्शन ने उन्हें पर्याप्त वेतन वृद्धि दिलाई है, जो 2023 की मिनी-नीलामी में स्त्रा द्वारा भुगतान किए गए आईएनआर 5.25 करोड़ से 338 प्रतिशत अधिक है। एसआरएच के साथ दो सत्रों में क्लासेन ने 174 की स्ट्राइक रेट से 927 रन बनाए हैं।

2024 में टी20 क्रिकेट में अभिषेक के प्रभावशाली प्रदर्शन ने 194.84 की स्ट्राइक रेट (इस साल 200 से अधिक गेंदों का सामना करने वाले किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे अधिक) के साथ उन्हें भारतीय टी20आई कॉल-अप और मूल्य में 115त्न की वृद्धि दिलाई। अब वह स्त्रा द्वारा 2022 की मेगा नीलामी (आईएनआर 6.5 करोड़) में भुगतान की गई राशि से दोगुना से अधिक कमाते हैं।

आईपीएल 2024 में अभिषेक का शीर्ष-दस रन बनाने वालों में सबसे अधिक स्ट्राइक रेट था। 21 वर्षीय तेज गेंदबाज ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने भी 2024 का सीजन शानदार तरीके से खेला जिसमें उन्होंने 142.92 की स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए और तीन विकेट लिए। रेड्डी ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत के लिए डेब्यू किया, अपने दूसरे मैच में 34 गेंदों पर 74 रन बनाए।

अगर एसआरएच सभी पांच रिटेंशन को अंतिम रूप देता है और डेडलाइन से पहले छठे खिलाड़ी को नहीं जोड़ने का विकल्प चुनता है तो उनके पास नीलामी में एक आरटीएम कार्ड उपलब्ध होगा जिसका उपयोग केवल अनकैप्ड भारतीय ही कर सकता हैं। उम्मीद है कि स्त्रा जल्द ही ट्रैविस हेड और नीतीश कुमार रेड्डी के रिटेंशन की भी पुष्टि करेगा। आईपीएल ने इस साल के अंत में होने वाली मेगा नीलामी से पहले रिटेंशन के लिए 31 अक्टूबर की समय सीमा तय की है। पिछले सीजन में एसआरएच को फाइनल तक पहुंचाने वाले पैट कमिंस 2025 में कप्तान बने रहेंगे।

# आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत नहीं होंगे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान

### कतार में यह ऑलराउंडर शामिल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी 2025 संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी नहीं करेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली को नए कप्तान की तलाश है और ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी पंत की जगह लेने की कतार में हैं जिन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, हां, दिल्ली कैपिटल्स को नए कप्तान की तलाश हो सकती है। संभावना है कि भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल नए कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं, या फ्रैंचाइजी आईपीएल नीलामी (नवंबर के मध्य में विदेश में होने वाली) में किसी ऐसे व्यक्ति पर नजर रख सकती है जो कप्तानी के लिए उपयुक्त हो। सूत्र ने कहा, पंत फ्रैंचाइजी के शीर्ष रिटेंशन के लिए तैयार हैं। यह सिर्फ इतना है कि डीसी के नेतृत्व समूह को लगता है कि कप्तानी के दबाव के बिना वह बेहतर स्थिति में हैं।



पंत 2016 से आईपीएल में डीसी के साथ जुड़े हुए हैं। वह फ्रैंचाइजी के लिए आईपीएल इतिहास में सबसे ज़्यादा कैप्ड खिलाड़ी हैं और कैश-रिच लीग में टीम के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। मार्च 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज में भारत के लिए खेलते समय लगी चोट के कारण श्रेयस अय्यर के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पंत को 2021 में डीसी का कप्तान नियुक्त किया गया था। कप्तान के रूप में पंत के पहले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में शीर्ष पर रही, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दोनों क्वालीफायर मैच हारने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले पंत को डीसी ने 16 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और उन्होंने 2022 संस्करण में फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया, जहां दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 30 दिसंबर 2022 को एक सड़क दुर्घटना में लगी कई चोटों के कारण वह 2023 संस्करण से चूक गए।

### डबल्यूआर मास्टर्स शतरंज

# प्रज्ञानन्दा नें आनंद और अर्जुन नें विदित को हराया

**लंदन (एजेंसी)।** इस समय लंदन शतरंज की दुनिया के केंद्र में है और ग्लोबल चैस लीग के ठीक बाद शुरू हुए



डबल्यूआर मास्टर्स शतरंज नें दुनिया के शतरंज प्रेमियों का ध्यान अपने ऊपर खींच लिया है । दुनिए एक 16 खिलाड़ियों के बीच क्लासिकल शतरंज में नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में भारत के अर्जुन एरिगैसी और र प्रज्ञानन्दा आपस में सेमी फाइनल में मुकाबला खेलेंगे । यह टूर्नामेंट 6 भारतीय खिलाड़ियों के साथ शुरू हुआ था ओरु अब इसमें सिर्फ दो खिलाड़ी ही बाकी रह गए है । ।


**राउंड ऑफ 16** - राउंड ऑफ 16 में भारत के 5 खिलाड़ी दुसर दौर में प्रवेश करने में कामयाब रहे । पहले दौर में आनंद नें इंग्लैंड के श्रेयस रॉयल को 1.5-0.5 से , प्रज्ञानन्दा नें विक्टर वोलोगन को 2-0 से , अर्जुन एरीगैसी नें बोधना शिवनंदन को 2-0 से , विदित गुजराती नें वेसेलीन टोपालोव को 2-0 से और रौनक साधवानी नें परहम मघसूदलू को 1.5-.5 से पराजित करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि भारत की आर वैशाली को फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से 1.5-0.5 से पराजय का सामना करना पडा ।

### आईपीएल 2025

# अश्विन का सुझाव, धोनी को कैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन करे सीएसके

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के रिटेंशन पर कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी से पहले महेंद्र सिंह धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर रिटेन नहीं करेंगे। इसके बजाय उन्होंने धोनी को कैप्ड खिलाड़ी और पांच प्राथमिक रिटेंशन में से एक के तौर पर रिटेन करने का विकल्प चुना है। अश्विन ने अपने यूटयूब चैनल पर रिटेंशन पर चर्चा करते हुए अपना दृष्टिकोण रखा।

अश्विन ने कहा, अगर आप कहते हैं कि मुंबई इंडियंस छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, तो ष्टस्य क्यों नहीं कर सकती? हमारे पास रुतुराज (गायकवाड़), जडेजा (रवींद्र जडेजा), (मथीशा) पथिराना, (शिवम) दुबे, एमएस धोनी और समीर




रिजवी हैं।%

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व प्रदर्शन विश्लेषक प्रसन्ना रमन ने अश्विन से कहा कि वह असहमत हैं। रमन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आपको समीर रिजवी को 4 करोड़ रुपए में रिटेन करना चाहिए। मुझे यह भी नहीं पता कि वह 4 करोड़ रुपए में खेलने के लिए सहमत होंगे या नहीं।

आईपीएल 2024 से पहले 8.4 करोड़ रुपए में खरीदे गए रिजवी प्रभावित करने में विफल रहे। उन्होंने 118 की मामूली स्ट्राइक रेट से आठ मैचों में सिर्फ 51 रन बनाए। इसके बावजूद अश्विन ने रिजवी के लिए उम्मीद बनाए रखी। यूपी टी20 लीग में उनके अच्छे फॉर्म की प्रशंसा की और बताया कि कई ऐसे ही खिलाड़ी उपलब्ध हैं, जो रिजवी की कीमत में बहुत अधिक वृद्धि नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, वह हर दिन अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वह यूपी टी20 में अकेले दम पर एक अलग स्तर पर खेल रहा है। उसके पास बहुत कुछ है। वह शाहरुख खान, अभिनव मनोहर और ध्रुव जुरेल की श्रेणी में आएंगे।

# निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को रजत, नरूका को कांस्य पदक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई। विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी।

इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया। नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

# पूर्व भारतीय बल्लेबाज हेमंग बदानी बने दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख कोच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज हेमंग बदानी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स का प्रमुख कोच और पूर्व भारतीय बल्लेबाज वेणुगोपाल रॉव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया है। बदानी ने रिकी पोंटिंग की जगह ली है तो वहीं रॉव पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली के स्थान पर पदभार संभाला है। दोनों नियुक्तियां दिल्ली कैपिटल्स द्वारा कोचिंग स्टाफ और फ्रैंचाइजी की संचालन संरचना में सुधार का हिस्सा हैं। इसके अलावा डीसी ने 2014 से सहायक कोच और टैलेंट स्काउट के रूप में काम करने वाले प्रवीण आमरे के साथ अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का भी फैसला किया है।

गुरुवार को मीडिया को जारी बयान में फ्रैंचाइजी ने कहा, 'दोनों टीमों की नीलामी, कप्तानी, खिलाड़ियों की रिहाई और रिटेंशन जैसे महत्वपूर्ण निर्णय डीसी बोर्ड द्वारा किए जाएंगे और दोनों समूहों के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा पारस्परिक रूप से फैसला लिया जाएगा।% पुनर्गठन के तहत डीसी के सह-मालिक जीएमआर समूह और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स - आईपीएल और डब्ल्यूपीएल में अपनी टीमों के लिए हर दो साल में परिचालन नेतृत्व भूमिकाओं की अदला-बदली करेंगे। नतीजतन, गांगुली अगले दो सत्रों (2025 और 2026) के लिए डब्ल्यूपीएल में फ्रैंचाइजी के लिए क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे। गांगुली 2027 सीजन से आईपीएल में वापस आ जाएंगे जब जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स वापस कार्यभार संभालेगा।

# शून्य पर आउट हुए विराट कोहली ने धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा, अब सचिन तेंदुलकर ही आगे

**बेंगलूर (एजेंसी)।** विराट कोहली ने गुरुवार को अपने देश के लिए सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले (टेस्ट+वनडे+टी20आई) खिलाड़ियों की सूची में अपने पूर्व भारतीय साथी एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में शामिल होकर यह उपलब्धि हासिल की। कोहली अब भारत के लिए 536 बार खेल चुके हैं - दिग्गज धोनी से एक ज़्यादा जिन्होंने अपने करियर 535 बार खेला था। कोहली अब भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान भारत के लिए सभी फॉर्मेट में 664 मैच खेलकर इस सूची में सबसे ऊपर हैं। एक और महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ 504 मैचों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि रोहित शर्मा 486 मैचों के साथ चौथे स्थान पर हैं और मोहम्मद अजहरुद्दीन 433 मैचों के साथ शीर्ष-पांच में शामिल हैं। कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले टेस्ट के शुरुआती सत्र में 9 गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए क्योंकि न्यूजीलैंड ने पहले 10 ओवरों में भारत के शीर्ष क्रम को ध्वस्त करने के लिए सीम के अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाया। मौजूदा टेस्ट कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर का 116वां टेस्ट है, जो दिलीप वेंगसरकर के साथ भारत के लिए संयुक्त रूप से सातवां सबसे अधिक है।

